52 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in | यह मुज़फ़्फ़रनगर है...

न्यूनतम 8.2 °c | अधिकतम 20.0 °c

मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय : 7:14 सूर्यास्त-5:35 | वर्ष : 52/ अंक : 06 | सोमवार, 06 जनवरी 2025 | पौष, शुक्ल पक्ष, सप्तमी सम्वत् 2081 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4

अमृतवाणी

हमारी आस्था की परीक्षा तब होती है, जब हम जो चाहे वो न मिले और फिर भी, हमारे दिल से प्रभु के लिए शुक्रिया ही निकले।

सपा आज भी आतंकियों, दुराचारियों, अपराधियों के साथ खड़ी रहती है : योगी

तो क्या हुआ?....वो सब भी तो उसे अपना ही समझते हैं....

कौन सी सदी में शहर से बाहर जाएंगी नालियों को गोबर से आटने वाली डेयरियां

मुजफ्फरनगर, 5 जनवरी (बु.)। पिछले कई वर्षों से प्रशासन कुछ दिनों के लिए शहरों के बीच में चल रही डेयरियों को बाहर भेजने का ढोंग रचता है और वह डेयरियां बस कागजों में ही बाहर ले जाकर दम तोड़ देती हैं। हालांकि अपनी कार्यप्रणाली के दौरान प्रशासन ऐसा जज्बा दिखाता है जैसे सचमुच वह चंद दिनों में आम जनता को मच्छरों, बदबू व गोबर से अटी नालियों से निजात दिला देगा, मगर न जाने बाद में डेयरी वालों से कौन सी सैटिंग होती है, जो यह डेयरियां वहीं की वहीं जमीं रहती हैं या तो प्रशासन अंदरखाने कोई समाधान योजना चलाकर फ्री दूध का लेन-देन करता होगा या फिर अन्य कोई सैटिंग-गैटिंग तो होती ही होगी, जिस कारण लाखों लोगों को ताक पर रखकर चंद डेयरी वालों को हर प्रकार की छूट दी जाती है। वर्ष 2023 में भी नगर पालिका के मुख्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक योगेश कुमार ने आदेश किये थे और लगभग 13 डेयरियों को अवैध घोषित करते हुए उन्हें नोटिस भी दिया था। उक्त मामले में मुकदमा होने के साथ-साथ कई डेयरी संचालक जेल भी गए थे। बावजूद उसके वर्ष 2024 समाप्त हो चुका है। 2025 तक भी यह डेयरियां वहीं की वहीं जमी हुई हैं। आम आदमी इन डेयरियों से बुरी तरह से परेशान है। जिस घर के बराबर में यह डेयरियां होती हैं, उसका मकान कौडियों के दाम भी बिकने को तैयार नहीं होता। साथ ही साथ सुबह-शाम, रात-दोपहर गोबर की बदबू और मच्छर पूरा दिन मंडराते रहते हैं। जब तक इन मुद्दों को कोई उठाए ना और आम जनता सड़क पर न उतरे तब तक कहां इस शहर में कोई कार्यवाही किसी के विरुद्ध होती है। मगर बड़ी बात यह है कि आखिर किन लोगों के दबाव में आकर इन डेयरियों पर कोई कार्यवाही नहीं की जा रही। ये डेयरियां किसी विशेष स्थान पर नहीं बल्कि शहर के चारों ओर साकेत कॉलोनी, मल्हूपुरा, साउथ सिविल लाइन यहां तक कि पॉश रोड भोपा रोड, नई मण्डी, प्रेमपुरी, नुमाइश कैम्प, लद्दावाला, चुंगी नं. 2, सुभाष नगर, अंकित विहार, कच्ची सड़क, अवध विहार, रामपुरी, जसवंतपुरी, जनकपुरी आदि स्थानों पर निर्भीक होकर चल रही हैं।

वर्ष 2023 में इन डेयरी संचालकों को भेजा गया था नोटिस

1. जुल्फकार पुत्र हबीब, निवासी मकान नं0-478 साकेत कालोनी, मुजफ्फरनगर।
2. अख्तर पुत्र स्व. वहीद निवासी मौहल्ला मल्हूपुरा गली नं.-10, मुजफ्फरनगर।
3. शमशाद पुत्र सलीम निवासी मकान नं.-561 साकेत कालोनी, मुजफ्फरनगर।
4. अब्दुल समद पुत्र तसलीम निवासी मौहल्ला साकेत, मकान नं.-555 गली नं.-5. मुजफ्फरनगर।
5. सुमित चौधरी पुत्र स्व. कृष्णपाल निवासी मकान नं.-480/1 गली नं.-5 साकेत कालोनी, मुजफ्फरनगरे।
6. साजिद पुत्र किलूद्दीन निवासी मल्हूपुरा, मुजफ्फरनगर।
7. नदीम पुत्र मुस्तकीम निवासी मौहल्ला मल्हूपुरा, गली नं.-9, मुजफ्फरनगर।
8. महमूद पुत्र सद्दीक निवासी मौहल्ला मल्हूपुरा, गली नं.-9 मुजफ्फरनगर।
9. फौदा पुत्र मिद्दा निवासी मौहल्ला मल्हूपुरा, मकान नं.-892, गली नं.-8, मुजफ्फरनगर।
10. इरफान पुत्र सलामूद्दीन निवासी मौहल्ला मल्हूपुरा, मकान नं.-848, मुजफ्फरनगर।
11. आस मौहम्मद पुत्र यामीन निवासी मौहल्ला मल्हुपुरा, मकान नं.-905, गली नं. 8, मुजफ्फरनगर।
12. सलीम पुत्र मुस्तकीम निवासी मौहल्ला मल्हूपुरा, गली नं.-7, मुजफ्फरनगर।
13. निखिल पुत्र अरुण निवासी मौहल्ला ब्रहमपुरी मकान नं.-314 गली नं.-3, मुजफ्फरनगर।

बंद कमरे में पड़ा मिला युवक का शव

मुजफ्फरनगर, 5 जनवरी (बु.)। नई मण्डी कोतवाली क्षेत्र के हरिनगर कूकड़ा में मकान के बंद कमरे में युवक का शव पड़ा मिला। नई मण्डी कोतवाली के कूकड़ा के हरिनगर मौहल्ला के निवासी अजय टैंक लगाने का काम करता था। रविवार को सुबह वह काम से घर लौटा और अपने कमरे में कुंडी लगाकर सो गया। दोपहर के बाद परिजनों ने उसे आवाज लगाई, तो कई बार आवाज देने के बाद भी अजय ने कोई जवाब नहीं दिया। दरवाजा खटखटाने के बाद भी जब अजय का कोई जवाब नहीं आया तो उन्होंने दरवाजा खोलकर देखा तो अजय मृत अवस्था में चारपाई पर पड़ा था। इसकी सूचना पुलिस को दी गयी तो परिजनों का कहना है कि पुलिस दरवाजा तोड़कर अंदर पहुंची तो अजय मृत अवस्था में ही था। पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी का कहना है कि सम्भवतः हार्टअटैक से अजय की मौत हुई है। पोस्टमार्टम के बाद अजय की मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

नाबालिग ने लगाया नशे की सिगरेट पिलाकर दो युवकों पर गैंगरेप का आरोप

मुजफ्फरनगर 05 जनवरी (बु.)। खतौली कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी एक नाबालिग छात्रा रविवार को अपने परिजनों के साथ कोतवाली पहुंची और वहां दो युवकों पर बारी-बारी से गैंगरेप करने का आरोप लगाया। पुलिस ने उक्त मामले में तहरीर ले ली है। छात्रा के पिता के अनुसार उसकी बेटी की उम्र 16 वर्ष है और वह कक्षा 11 की छात्रा है। चार दिन पूर्व बुधवार को जब वह अपनी बेटी को स्कूल छोड़ने खतौली जा रहा था, तभी गांव का ही एक युवक उसके पास आया और उसने खतौली जाने की बात कहते हुए उसकी बेटी को खतौली छोड़ने की बात कही। पिता के अनुसार उसने अपनी बेटी को युवक की बाइक पर बैठा दिया, मगर पिता को पता चला कि उसकी बेटी स्कूल पहुंची ही नहीं। शाम को जब बेटी घर वापस लौटी तो

उसने कुछ और ही कहानी बताई। बेटी का बताना था कि जिस युवक के साथ वह मोटरसाइकिल पर बैठकर गयी थी वह उसे अपने एक दोस्त के घर ले गया, जहां उसे नशे की सिगरेट पिलाई गयी और दोनों ने बारी-बारी से उसके साथ गैंगरेप किया। छात्रा के अनुसार गैंगरेप के बाद दोनों युवकों ने उसे जान मारने की नीयत से मोटरसाइकिल पर बैठाकर ले जाना चाहा, मगर छात्रा ने रास्ते में शोर मचा दिया, जिस पर लोगों ने युवकों को पकड़ लिया मगर दोनों युवक फरार हो गये। पीड़ित छात्रा द्वारा दोनों युवकों के खिलाफ तहरीर दे दी गयी है और पुलिस उक्त मामले की जांच में जुट गयी है। पुलिस ने एक आरोपी को पकड़ लिया जबकि दूसरा अभी भी फरार है।

मीडिया में छाने के बाद रुका बुढ़ाना तहसील में अवैध निर्माण

अवैध निर्माण कार्य में एक अधिकारी व एक बड़े नेता की सांठगांठ की चर्चाएं

मुजफ्फरनगर, 5 जनवरी (बु.)। देर रात बुढ़ाना तहसील से सूचना मिली थी कि यहां अवैध निर्माण कार्य किया जा रहा है। एक चैम्बर से चोरी से बिजली की तार लेकर रातोरात अवैध निर्माण कराने का प्लान अब ध्वस्त हो गया। दिन निकलते ही तसहीलदार ने उक्त मामले में संज्ञान लिया और हाथो हाथ यह कार्य रूक गया। उक्त कार्य बुढ़ाना के एसीओ चकबन्दी दफ्तर के सामने हो रहा था। चर्चा है कि एक अधिकारी और एक नेता की सांठगांठ से उक्त कार्य बेखौफ होकर कराया जा रहा था, जिसका संदेह पहले से ही व्यक्त किया गया था, मगर देर रात में सोशल मीडिया व समाचार-पत्र में पूरा मामला प्रकाशित होने के पश्चात अवैध निर्माण का कार्य करने वालों के मंसूबों पर अब पूरी तरह पानी फिर गया है। निर्माण कार्य के लिए जो ईंटे आयी थी और रोडी बिछाई गयी थी उक्त सभी धरी की धरी रह गयी हैं। अब देखना यह होगा कि दोबारा यह सांठगांठ कब होती है और कब अधिकारी और नेता मिलकर उक्त कार्य

दिल्ली को चौतरफा विकास को समर्पित सरकार चाहिए : मोदी

नयी दिल्ली, 05 जनवरी (वार्ता) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि दिल्ली की जनता को चौतरफा विकास और जन कल्याण - इन दोनों कामों के लिए पूरी तरह समर्पित सरकार की आवश्यकता है। श्री मोदी दिल्ली विधान सभा चुनाव की घोषणा से पहले राजधानी और एनसीआर से जुड़ी 12200 करोड़ रुपये की परियोनाओं का आज शिलान्यस अथवा उद्घाटन करने जा रहे हैं। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा,''दिल्ली की जनता-जनार्दन को अब राजधानी के चौतरफा विकास के साथ-साथ निकल्याण को पूरी तरह समर्पित सरकार चाहिए।

सुरक्षाबलों-नक्सलियों में मुठभेड़, चार नक्सली ढेर

बस्तर, 05 जनवरी (एजेंसी)। छत्तीसगढ़ के बस्तर क्षेत्र में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ की खबर है। जिसमें चार नक्सली ढेर हो गए हैं। वहीं, डीआरजी का एक जवान बलिदान हुआ है। मौके से एके-47 और एसएलआर जैसे ऑटोमेटिक हथियार भी बरामद हुए हैं। मुठभेड़ में तीन जवानों के घायल होने की भी जानकारी मिल रही है। जगदलपुर से वायुसेना का एमआई- 17 हेलिकाप्टर अबूझमाड़ के लिए रवाना किया गया है। मुठभेड़ में घायल हुए जवानों का रेस्क्यू करने में मदद करेगा। डीआरजी और एसटीएफ के तीन जवान घायल हुए हैं। सभी को सामान्य चोट है। चॉपर के जरिए सभी घायलों को इलाज के लिए ले जाया जाएगा रायपुर। मुठभेड़ में डीआरजी के प्रधान आरक्षक सन्नू कारम का पार्थिव शरीर भी घटनास्थल से लाने में एमआई-17 मदद करेगा।

प्रियंका पर दिए बयान पर चौतरफा घिरे भाजपा प्रत्याशी विधूड़ी ने मांगी माफी

नई दिल्ली, 05 जनवरी (एजेंसी)। बीजेपी के पूर्व सांसद और अब कालकाजी सीट से भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार रमेश बिधूड़ी ने प्रियंका गांधी पर दिए गए विवादास्पद बयान पर चौतरफा घिरने के बाद माफी मांगी है। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, किसी संदर्भ में मेरे द्वारा दिए गए बयान पर कुछ लोग गलत धारणा से राजनीतिक लाभ के लिए सोशल मीडिया पर बयान दे रहे हैं, उन्होंने कहा कि मेरा आशय किसी को अपमानित करने का नहीं था, लेकिन फिर भी अगर किसी भी व्यक्ति को दुख हुआ है, तो मैं खेद प्रकट करता हूं।

1984 सिख दंगों के पीड़ितों को मिली भर्ती में छूट

नई दिल्ली, 05 जनवरी (एजेंसी)। दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने 1984 में हुए सिख दंगों के पीड़ितों को शैक्षणिक योग्यता और आयु सीमा में छूट को मंजूरी दी। इस फैसले के बाद रोजगार के लिए 88 आवेदकों को फायदा होगा। यह छूट एमटीएस के पद पर सरकारी सेवा में उनकी नियुक्ति के लिए दी गई है। छूट की मांग के लिए दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधन समिति, जनप्रतिनिधियों और पीड़ितों के समूहों ने एलजी से मुलाकात कर अपनी मांग रखी। उनकी मांग पर संज्ञान लेते हुए एलजी ने सिख दंगों के पीड़ितों के लिए 16 जनवरी 2006 को गृह मंत्रालय की नौकरियों के प्रावधान सहित पुनर्वास पैकेज को मंजूरी दी। इसके बाद राजस्व विभाग को बाद में एक विशेष अभियान में 72 आवेदन मिले। इसमें 22 आवेदकों को तत्कालीन एलजी से आयु में छूट प्राप्त करके नियुक्ति दी गई।

लेखपाल की कार ने मारी बाइक में टक्कर, जिपं सदस्य के भाई समेत दो की मौत

बिजनौर, 05 जनवरी (एजेंसी)। बालावाली- लक्सर मार्ग पर गांव गोपालपुर के पास तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार दो दोस्तों की मौत हो गई। मरने वालों में एक युवक हरिद्वार जिला पंचायत के सदस्य का भाई है। उधर, पुलिस ने कार को कब्जे में ले लिया है। आरोपी चालक लेखपाल है। उत्तराखंड के लक्सर थाना क्षेत्र के गांव कुड़ी भगवानपुर निवासी राजीव पुत्र वीर सिंह और उसका दोस्त मनोज पुत्र बलजीत शनिवार को बाइक से बिजनौर के मंडावर आए थे। देर रात लौटते वक्त गांव गोपालपुर के पास उनकी बाइक में हरिद्वार की ओर से आ रहे कार चालक ने टक्कर मार दी। हादसे में राजीव और मनोज की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक मनोज का बड़ा भाई हरिद्वार जिला पंचायत की खानपुर सीट से जिला पंचायत सदस्य है। आरोपी कार चालक के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी गई। पुलिस ने कार को कब्जे में ले लिया है। बताया जा रहा है कि कार चालक लेखपाल है।

मोदी ने दिल्ली-एनसीआर में किया 12,200 करोड़ रु की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास, रैपिड ट्रेन में किया सफर

40 मिनट में होगा मेरठ से दिल्ली का सफर, दिल्ली से मेरठ तक पड़ेंगे 11 स्टेशन, दिल्ली से मेरठ तक के लिए स्टैंडर्ड क्लास में ₹130 और प्रीमियम क्लास में ₹195 किराया निर्धारित

नयी दिल्ली, 05 जनवरी (वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को दिल्ली में 12,200 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया, जिसमें दिल्ली को पहली बार नमो भारत ट्रेन यात्रा सुविधा देने वाले रिजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम (आआरटीएस) के उत्तर प्रदेश के साहिबाबाद और दिल्ली के न्यू अशोक नगर स्टेशनों के बीच के नमो भारत कॉरिडोर का उद्घाटन भी शामिल है।

श्री मोदी ने इसके साथ ही दिल्ली मेट्रो फेज-4 के जनकपुरी और कृष्णा पार्क के बीच करीब 1,200 करोड़ रुपये की लागत वाले 2.8 किलोमीटर लंबे हिस्से का भी उद्घाटन किया और फेज-4 के 26.5 किलोमीटर लंबे रिठाला-कुंडली खंड की आधारशिला रखी, जिसकी लागत करीब 6,230 करोड़ रुपये होगी। उन्होंने दिल्ली में केंद्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान (सीएआरआई) के लिये नये अत्याधुनिक भवन की 185 करोड़ रुपये की परियोजना की आधारशिला भी रखी।

श्री मोदी ने इस अवसर पर कहा कि पिछले एक दशक में उनकी सरकार का प्राथमिक ध्यान बुनियादी ढांचे के विकास पर रहा है। उन्होंने कहा कि दस साल पहले बुनियादी ढांचे के लिए बजट लगभग दो लाख करोड़ रुपये था, जो अब बढ़कर 11 लाख करोड़ से अधिक हो गया है। उन्होंने कहा कि सरकार



आधुनिक कनेक्टिविटी पर जोर दे रही है, जिसमें खासकर शहरों के भीतर और एक शहर को दूसरे से जोड़ने पर विशेष ध्यान रखा जा रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि बुनियादी ढांचा परियोजनाएं देश की आर्थिक वृद्धि में योगदान दे रही हैं और युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान कर रही हैं। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल, दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना, दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। दिल्ली में आज जिन परियोजनाओं का उद्घाटन या शिलान्यास किया गया, उनमें मुख्य फोकस क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को बढ़ाना और यात्रा को आसान बनाना है।

श्री मोदी ने साहिबाबाद आरआरटीएस स्टेशन से न्यू अशोक नगर आरआरटीएस स्टेशन तक नमो भारत ट्रेन में सवारी भी की। इस अवसर पर अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि आज दिल्ली-एनसीआर को भारत सरकार की ओर से एक महत्वपूर्ण उपहार मिला है और भारत की शहरी गतिशीलता का और विस्तार हुआ है। श्री मोदी ने नमो भारत ट्रेन की यात्रा को याद करते हुए कहा कि यह ट्रेन विकसित भारतीय शहरों में सार्वजनिक परिवहन के भविष्य को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि नमो भारत परियोजना पूरी हो जाने के बाद दिल्ली-मेरठ मार्ग पर यातायात में महत्वपूर्ण बदलाव आएगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत का मेट्रो नेटवर्क अब 1,000 किलोमीटर तक पहुंच गया है । उन्होंने कहा कि 2014 में भारत का मेट्रो नेटवर्क केवल 248 किलोमीटर था और देश का नाम मेट्रो कनेक्टिविटी के मामले में विश्व में शीर्ष दस में भी नहीं था, लेकिन पिछले दस वर्षों में भारत मेट्रो नेटवर्क के मामले में दुनिया का

शेष - पृष्ठ-4 पर

40 मिनट में दिल्ली से मेरठ का सफर

नयी दिल्ली, 05 जनवरी (वार्ता)। आज शाम 5 बजे से यात्रियों के लिए नमो भारत ट्रेनें प्रत्येक 15 मिनट के अंतराल पर उपलब्ध होंगी। न्यू अशोक नगर से मेरठ दक्षिण तक का किराया सामान्य कोच के लिए 150 रूपये और प्रीमियम कोच के लिए 225 रूपये होगा। दिल्ली से मेरठ की यात्रा को एक तिहाई कम करने वाले इस कॉरिडोर के चालू होने से करीब 40 मिनट में न्यू अशोक नगर से मेरठ दक्षिण पहुंचा जा सकेगा

- नमो भारत ट्रेनों में व्हीलचेर-स्ट्रेचर के लिए खास स्पेस है।
- यात्रियों की सहायता के लिए हर ट्रेन में एक अटेंडेट उपलब्ध है।
- इमरजेंसी की स्थिति में मदद के लिए कोच में दरवाजों पर पैनिक बटन है।
- स्टेशनों पर फ्री पानी, शौचालय, दृष्टिबाधितों के लिए स्पर्शनीय रैंप और सीसीटीवी।

दिल्ली से मेरठ तक पड़ेंगे ये स्टेशन

नयी दिल्ली, 05 जनवरी (वार्ता)। मन्यू अशोक नगर से मेरठ साउथ तक नमो भारत रैपिड रेल कुल 11 स्टेशन से होकर गुजरेगी। इनमें न्यू अशोक नगर, आनन्द विहार, साहिबाबाद, गाजियाबाद, गुलधर, दुहाई, दुहाई डिपो, मुरादनगर मोदीनगर साउथ, मोदीनगर नार्थ और मेरठ साउथ शामिल है।

100 साल पुराने शिव मंदिर में कुएं पर कब्जा, पीएमओ ने दिए जांच के आदेश

बागपत, 05 जनवरी (एजेंसी)। काठा गांव में शिव मंदिर का 100 साल पुराना कुआं दबाकर वहां कब्जा कर लिया गया। इसके साथ ही गांव के सैकड़ों साल पुराने तालाब पर भी कब्जे का आरोप है। इसकी शिकायत प्रधानमंत्री कार्यालय व गृह मंत्रालय तक हुई। अब पीएमओ व गृह मंत्रालय से मामले में जांच का आदेश दिया गया है। साथ ही इसकी रिपोर्ट मांगी गई है। काठा के गजेंद्र सिंह, सुधीर कुमार, रंजीत, विनीत, सुभाष, ओमपाल सिंह, देशपाल, सतबीर, राममेहर, प्रताप सिंह ने प्रधानमंत्री व गृहमंत्री के कार्यालय में भेजी शिकायत में बताया कि गांव में सैकड़ों साल पुराना श्री कालेश्वर शिव मंदिर है। मंदिर के पास ही कुआं बना हुआ है। कुएं को कुछ लोगों ने पहले बंद कर दिया और उसके बाद कब्जा कर लिया। अधिकारियों से शिकायत के बाद भी कब्जा मुक्त नहीं किया जा रहा है। कुएं पर कब्जा होने के कारण श्रद्धालुओं की आस्था को ठेस पहुंच रही है। उस कुएं में पानी भी रहता था, मगर उसको बंद कर दिया गया तो वहां पूजन कार्य नहीं हो रहा है। यदि कोई कब्जे का विरोध करता है तो मारपीट व अभद्रता की जाती है।इस तरह ही तालाब पर भी कब्जा किया गया है। उन्होंने कुआं व तालाब को कब्जा मुक्त कराए जाने की मांग की। वहीं पीएमओ व गृह मंत्रालय से मामले में शासन को पत्र भेजकर जमीन की पैमाइश कराकर कुआं व तालाब को कब्जा मुक्त कराने के निर्देश दिए हैं। इस पत्र की प्रति जिला प्रशासन को प्राप्त हो गई है।

नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय, दिल्ली में आज हो सकती है बारिश

नई दिल्ली, 05 जनवरी (एजेंसी)। पश्चिमी हिमालय क्षेत्र में नया पश्चिम विक्षोभ सक्रिय होने से सोमवार सुबह हल्की बारिश होने का अनुमान है। मौसम विभाग ने बारिश के साथ कोहरे का यलो अलर्ट जारी किया है। ऐसे में आसमान में बादल छाए रहेंगे। साथ ही, गरज के साथ हल्की बारिश होने का अनुमान है। शाम व रात के समय हल्का कोहरा छाए रहने की संभावना है। ऐसे में ठिठुरन और बढ़ेगी। इससे अधिकतम तापमान 18 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 11 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहेगा। उधर, मौसम विभाग ने बुधवार के लिए घने से घना कोहरे का यलो अलर्ट जारी किया है। राजधानी में पहाड़ों से आने वाली बर्फीली हवाओं ने ठंड के साथ घने कोहरे का प्रकोप बढ़ा दिया है। रविवार को अच्छी धूप खिलने से कोहरे से राहत मिली। मौसम विभाग के अनुसार पालम एयरपोर्ट में सुबह चार बजे से सुबह साढ़े सात बजे तक दृश्यता शून्य रही। वहीं, धूप खिलने के बाद आठ बजे यहां दृश्यता 50 मीटर दर्ज की गई। साथ ही, सफदरजंग में सुबह साढ़े पांच बजे दृश्यता 50 मीटर रही। धूप खिलने के बाद कोहरे की मोटी चादर हट गई।

लखीमपुर खीरी में बाघ का आतंक जारी, खेत में गए युवक पर किया हमला

लखीमपुर खीरी, 05 जनवरी (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी जिले में बाघ की दहशत लगातार बनी हुई है। एक दिन के भीतर ही बाघ ने दूसरी बार हमला कर दिया। इस बार हमला उस युवक पर हुआ जो खेत में काम करने गया था। बाघ ने उसे खींच कर चेहरे और कान पर हमला किया। युवक की चीख सुनकर पास में काम कर रहे किसानों ने शोर मचाया और लाठी डंडा लेकर बाघ का पीछा किया, जिससे बाघ युवक को छोड़कर भाग गया। घायल युवक को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। यह घटना लखीमपुर खीरी के तिकुनिया कोतवाली क्षेत्र के बाबा पुरवा गांव की है। शनिवार को भी बाघ ने एक किशोर को मार डाला था। लखीमपुर खीरी में पिछले छह महीनों में बाघ के हमले में छह लोगों की जान जा चुकी है, जिससे इलाके में लोग बहुत डर के माहौल में जी रहे हैं। बाघ के हमलों की बढ़ती घटनाओं ने लोगों में गंभीर चिंता पैदा कर दी है, खासकर उन इलाकों में जहां ये हमले हो रहे हैं। प्रधान पति मोहम्मद मियां ने बताया कि रविवार सुबह करीब 8 बजे युवक रोजली (45) खेत में काम करने गया था, तभी बाघ ने उस पर हमला कर दिया। युवक की हालत नाजुक बनी हुई है और उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

अब अपनी छवि बदलेंगे ओयो होटल

रिलेशनशिप सर्टिफिकेट दिखाने के बाद ही कपल्स को मिलेगा रूम

मुजफ्फरनगर 05 जनवरी (बु.)। चंद वर्षों में देशभर में ओयो होटल ने खूब नाम कमाया है,मगर यह नाम किस तरह का था यह बताने की आवश्यकता नहीं है। ओयो होटल को शुरू करने वाले रितेश अग्रवाल ने 2012 से देश के विभिन्न जनपदों, शहरों और गांवों में होटल किराये पर लेकर अपना टैग ओयो होटल देकर काम शुरू किया था। इस काम में उन्होंने करोड़ों रूपये का मुनाफा कमाया और खूब चर्चाएं बटोरी। ओयो होटल इतने चर्चित हो गये कि आईडी दिखाओ और रूम पाओ की थीम पर यह होटल दिन दोगुनी और रात चौगुनी तरक्की करते दिखाई दिये। रिलेशनशिप में रहने वाले कपल्स 90 प्रतिशत से अधिक के लिए यह जगह सबसे सेफ मानी जाती थी। मगर इन होटलों में जो कार्य होते थे, उनका पता जब पारिवारिक लोगों को लगा तो उन्होंने ओयो होटलों से दूरी बना ली, क्योंकि ओयो होटल में पारिवारिक लोगों को देखते ही लोग तरह-तरह की चर्चाएं करते खुद ही दिखाई पड़ते थे। लगातार सामाजिक संगठनों ने ओयो होटलों के खिलाफ याचिका दाखिल करनी शुरू कर दी, इसी के चलते अब ओयो होटलों ने अपनी छवि बदलने के लिए पॉलिसी में बदलाव का फैसला लिया है। फैसले में ओयो होटलों में अब कपल्स की बुकिंग को रिजेक्ट करने का अधिकार रहेगा। इसकी शुरूआत मेरठ से की गयी है, क्योंकि कम्पनी के अनुसार उसने मेरठ के लोगों से इस बाबत फीडबैक लिया तो कई सामाजिक संगठनों ने ओयो के मालिकों से अनुरोध किया कि ओयो होटलों में सिंगल लोगों को रूम ना दिया जाये, इसी से कम्पनी की ख्याति खराब हो रही है। ऐसे में अब ओयो होटलों में पॉलिसी के बदलाव के चलते आसानी से रूम उपलब्ध नहीं हो पायेगा। जब तक कपल्स अपनी रिलेशनशिप का कोई ठोस प्रमाण नहीं दे देंगे, तब तक उन्हें रूम नहीं दिया जायेगा।

कम्पनी बोली, पर्सनल फ्रीडम तो जरूरी, मगर अब सभ्य समाज का भी ध्यान रखा जायेगा

मुजफ्फरनगर। करोड़ों रूपये कमा चुकी ओयो होटल कम्पनी अब सभ्य समाज का हवाला देती दिखाई पड़ रही है। कम्पनी के नोर्थ इंडिया के एक अधिकारी का कहना है कि होटलों में बालिग हो जाने के बाद पर्सनल फ्रीडम तो होनी जरूरी है मगर कम्पनी अब सभ्य समाज और मार्किट की जरूरतों के हिसाब से चलना जरूरी समाती है। वे समय समय पर पॉलिसी में बदलाव लाते रहेंगे।

मुजफ्फरनगर में भी कई सफेदपोश लोगों के पास हैं ओयो होटल

मुजफ्फरनगर। में भी अपने आपको को सफेदपोश और सामाजिक बताने वाले लोगों के पास भी ओयो होटलों के नाम पर लाइसेंस हैं। लाइसेंस होने के बाद इन होटलों में क्या कृत्य हो रहे हैं इसकी जांच तभी होती है, जब कोई शिकायत की जाये या किसी के परिवार का व्यक्ति उक्त होटल में जाकर बखेड़ा खड़ा करे। अब देखना यह होगा कि ओयो के नियमों के बदलाव के बाद मुजफ्फरनगर में कपल्स को किस आधार पर यह होटल उपलब्ध कराये जायेंगे या सैटिंग-गैटिंग कर सफेदपोश बताये जाने वाले इन लोगों का धंधा बादस्तूर जारी रहेगा।

कई बार हो चुकी है ओयो होटलों में छापेमारी

मुजफ्फरनगर। जिस बदलाव की ओयो होटल कम्पनी के मालिकों ने बात कही है, उसकी शुरूआत मेरठ से की गयी है, क्योंकि मेरठ में आये दिन इन होटलों में पुलिस की छापेमारी के दौरान आम लोगों ने जमकर धरना प्रदर्शन किया है। अपने खिलाफ माहौल होता देख ओयो कम्पनी द्वारा एक जनवरी 2025 से उक्त सभी नियम मेरठ शहर में लागू कर दिये हैं। कम्पनी अब अपनी छवि को सुधारने में लगी हुई है। आपको बता दें कि मेरठ में प्रत्येक तीन माह बाद पुलिस को इन होटलों में अवैध व अनैतिक कार्यों की सूचना मिलती ही रहती है, जिसके बाद छापेमारी कार्यवाही कर औपचारिकताएं पूरी कर दी जाती थ्री, मगर आम जनता का आक्रोश बढ़ता देख अब ओयो होटल के मालिक को इसमें बदलाव की जरूरत महसूस हुई है।

पैसे की अंधी दौड़ में 10 गुणा 10 की जगह को भी बना दिया जाता था ओयो होटल

मुजफ्फरनगर 05 जनवरी (बु.)। ओयो होटल के स्वामियों ने पूरे देश में अपना जाल कुछ इस तरह से फैलाया कि 10 गुणा 10 की दुकान को भी होटल का नाम दे दिया जाता है। 10 गुणा 10 की जगह में आईडी लेने के बाद कपल्स क्या गुल खिलाते हैं यह बताने की आवश्कयता किसी को भी नहीं है, मगर जब पैसे की बंदरबांट सब जगह होती हो, तो शासन-प्रशासन द्वारा भी इन अनैतिक कार्यों को खुली छूट दे दी जाती है। ना कोई किसी प्रकार के नियम कानून और ना ही अन्य औपचारिकताएं पूरी होती दिखती हैं। बस 10 गुणा 10 की दुकान में ओयो का टैग लगाया और शुरू हो गया बिजनेस के नाम पर धंधा। अब जब ओयो होटलों की साख पर पूरी तरह बटटा लग चुका है, तब छवि सुधारने का नया शिगूफा ओयो होटलों के मालिकों ने छोड़ा है।

तमिलनाडु में बस से कुचलकर बवाना के युवक की मौत, आज आएगा शव

बुढ़ाना, 5 जनवरी (बु.)। कोतवाली क्षेत्र के गांव बवाना निवासी एक ग्रामीण की तमिलनाडु राज्य में रोडवेज बस की चपेट में आकर दर्दनाक मौत हो गयी। घटना बीते शनिवार की है। सोमवार को शव आने की संभावना है। परिजनों में घटना को लेकर कोहराम मचा हुआ है।

मिली जानकारी के अनुसार गांव बवाना निवासी करीब 34 वर्षीय मुमताज पुत्र शमशाद खान तमिलनाडु राज्य के नीलगिरी जिले के कस्बा उद्गमंडलम ऊटी में फेरी का कार्य कर अपने परिवार का पालन पोषण कर रहा था। रोजाना की भांति वह अपनी स्कूटी से बीती शनिवार को फेरी करने जा रहा था। तब एक रोडवेज बस चालक ने मुमताज को टक्कर मार दी और कुचलकर फरार हो गया। रोडवेज बस के पहिए के नीचे आते ही मुमताज ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची तमिलनाडु पुलिस ने मृतक के फोन से उसके परिजनों को घटना की सूचना दी, तो परिजन बिलख पड़े। उधर पुलिस ने मुमताज के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर रोडवेज बस चालक की तलाश शुरू कर दी थी। इधर रविवार की देर रात तक भी मुमताज का शव उसके गांव बवाना आ नहीं पाया था। घटना को लेकर पूरे गांव बवाना में शोक व्याप्त है। मृतक की 4 बेटियां हैं। मृतक युवा रालोद जिलाध्यक्ष गज्जू पठान का चचेरा भाई भी बताया गया है।

य

आज का इतिहास

नई दिल्ली, 05 जनवरी (वार्ता)। भारतीय एवं विश्व इतिहास में 06 जनवरी की महत्त्वपूर्ण घटनाएं इस प्रकार है। 1664-छत्रपति शिवाजी महाराज ने सूरत पर हमला किया। 1883-विश्व के श्रेष्ठ चिंतक महाकवि के रूप में ख्याति प्राप्त करने वाले महान दार्शनिक खलील जिब्रान का जन्म। 1929-मदर टेरेसा भारत में उपेक्षित और गरीब लोगों की सेवा करने के लिये कलकत्ता (अब कोलकाता) लौटी। 1932-हिन्दी के प्रसिद्ध साहित्यकार कमलेश्वर का जन्म। 1947-भारतीय राष्ट्रीय कॉंग्रेस कमेटी ने भारत का विभाजन स्वीकार किया। 1949-भारतीय पत्रकार, लेखक और 'राजस्थान पत्रिका' के प्रधान सम्पादक गुलाब कोठारी का जन्म। 1950-ब्रिटेन ने चीन की कम्युनिस्ट सरकार को मान्यता प्रदान की। 1959-भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान कपिल देव का जन्म। 1966-ऑस्कर विजेता भारतीय संगीतकार ए आर रहमान का जन्म। 1971-भारत के प्रसिद्ध जादूगर पी. सी. सरकार का निधन। 1976-चीन ने लोप नोर क्षेत्र में परमाणु परीक्षण किया। 1980-सातवीं लोकसभा चुनाव में इंदिरा गांधी की नेतृत्व वाली कांग्रेस पार्टी को दो तिहाई बहुमत मिला। 1983-भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस को पहली बार आंध्र प्रदेश और कर्नाटक विधानसभा चुनावों में हार का सामना करना पड़ा। 1987-भारतीय संगीतकार तथा बाल अभिनेता जयदेव का निधन। 1989-इंदिरा गांधी की हत्या के दोनों दोषियों सतवंत सिंह और केहर सिंह को फाँसी दी गई। 2002-भारत ने सीमा में घुस आया पाकिस्तान का जासूसी विमान मार गिराया। 2003-रूस ने संयुक्त राष्ट्र से बिना अनुमति लिये इराक के खिलाफ सैनिक कार्रवाई पर अमेरिका को चेतावनी दी। 2007-उत्तर प्रदेश का हिन्दी संस्थान की ओर से साहित्य के क्षेत्र में दिये जाने वाले वार्षिक पुरस्कारों के अंतर्गत वर्ष 2007 के भारत भारती सम्मान केदारनाथ सिंह को प्रदान करने की घोषणा हुई। 2008-राज्यसभा सदस्य और बंगलुरू के उद्यमी राजीव चन्द्रशेखर को फिक्की का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। 2008-प्रसिद्ध भारतीय चिकित्सक प्रमोद करण सेठी का निधन। 2009-जम्मू-कश्मीर के आठवें पूर्व मुख्यमंत्री गुलाम मोहम्मद शाह का निधन।

मुजफ्फरनगर मंडी

मुजफ्फरनगर, 05 जनवरी, (बु.)। गुड़-शक्कर के भाव इस प्रकार रहेः- ढैया 1470, रसकट ढैया 1240-1255, चाकू 1450-1700, लड्डू 1600-1680, खुरपापाड़ 1500-1555, शक्कर मसाला 1600-1625। आमद- 5000 मन।

सर्राफा बाजार

मुजफ्फरनगर, 05 जनवरी, (बु.)। मुजफ्फरनगर सर्राफा बाजार के भाव इस प्रकार रहेः-

सोना-	79150	चांदी-	89400
सिक्का-	10500	गिन्नी-	59200

आपका आज का राशिफल

सोमवार, 06 जनवरी, 2024

मेष- आकांक्षित सिद्धि में व्यतिक्रम, साहसिक प्रगति का प्रयास असफल, शत्रु हानि पहुँचाने हेतु प्रयत्नशील, नवसमस्याएँ उपस्थित, वाहन से चोट-चपेट भी संभव।

वृषभ- व्यापार में धन निवेश, अधूरे कार्यों की पूर्ति हेतु स्वजनों से सहयोग, राजकीय पक्ष से लाभान्वित, दाम्पत्य जीवन मधुर, आयोजन में सम्मिलित होने का अवसर।

मिथुन- पारिवारिक उत्तरदायित्व की पूर्ति, आय के नवीन स्रोत, स्थान परिवर्तन की दिशा में कार्यक्रम, भौतिक सुख के निमित्त अधिक व्यय, इच्छित योजना का सुपरिणाम।

कर्क- विनियोजित धन का प्रतिफल आशानुकूल प्राप्त, पुरातन विवाद का निर्णय पक्ष में होने से खुशी, किसी के माध्यम से व्यक्तिगत जीवन में नवीन उपलब्धि।

सिंह- परिस्थितियों में व्यतिक्रम, स्वास्थ्य विपरीत, लापरवाही से नुकसान, विरोधियों का वर्चस्व, पारस्परिक सम्बन्धों में कटुता, मानसिक बेचैनी, अपव्यय भी।

कन्या- नवीन योजना का श्रीगणेश, इच्छाशक्ति का विकास, व्यक्तिगत जीवन में महत्वपूर्ण घटना घटित, अकल्पित लाभ, दर्शनीय स्थलों की यात्रा का प्रसंग।

तुला- स्वविवेक से किया गया कार्य सफल, उच्चाधिकारियों से सम्पर्क का सुयोग, प्रेम सम्बन्धों में प्रगाढ़ता, आपसी समझदारी से तनाव में कमी, भौतिक सुख में वृद्धि।

वृश्चिक- कार्य व्यवसाय में उन्नति का अवसर, नवउत्तरदायित्व का निर्वाह, शिक्षा प्रतियोगिता में सफलता, दूसरों के आश्वासनों स मानसिक राहत, यात्रा सुखद।

धनु- विशेष प्रयास के बावजूद आंशिक सफलता, व्यापारिक हानि, उत्तरदायित्व की पूर्ति में बाधा, आरोप-प्रत्यारोप की स्थिति, जीवनसाथी से कष्ट, यात्रा निष्फल।

मकर- विविध पक्षों में अनुकूलता, नवयोजना का श्रीगणेश, सद्विचारों का उदय, आमोद-प्रमोद के साधन सुलभ, नवसम्पर्क उपयोगी, अकल्पित लाभ।

कुम्भ- भाग्योन्नति के नवीन आयाम, समझदारी से लिया गया निर्णय हितकर, सुसंदेश से परिवार में हर्षोल्लास, परोपकार की भावना जागृत, मनोरंजन में रुचि।

मीन- कार्य व्यवसाय में नवपरिवर्तन, जिम्मेदारियों को निभाने में व्यय, अपने स्तर को बनाये रखने के लिए प्रयत्नशील, आपसी सलाह से कामयाबी, शत्रु परास्त।

विमल जैन, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस-2/1-76,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाऊन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी-221002 मोबाइल 9335414722

संस्थापक सम्पादक
एवं
हमारे प्रेरणास्रोत्र
स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

मुजफ्फरनगर बुलेटिन

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रातःकालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक-अंकुर दुआ
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

ब्राह्मण समाज ने हमेशा सनातन संस्कृति को बढ़ावा दिया: स्वामी ओमानन्द

मीरापुर में स्वामी ओमानंद ने ब्राह्मण धर्मशाला में भगवान परशुराम मंदिर के निर्माण की आधारशिला रखी

मीरापुर, 5 जनवरी (बु.)। कस्बे की निमार्णाधीन ब्राह्मण धर्मशाला में भगवान परशुराम जनकल्याण ट्रस्ट के तत्वावधान में भगवान परशुराम मंदिर की आधारशिला रखी गई। निर्माणाधीन ब्राह्मण धर्मशाला में तीन दान दाताओं ने अपने पूर्वजों की स्मृति में तीन भवनों के निर्माण कराने की घोषणा की। इस दौरान मुख्य अतिथि स्वामी ओमानंद महाराज व श्री दण्डी आश्रम शुकतीर्थ के पीठाधीश्वर जनार्दन स्वरूप ब्रहमचारी जी महाराज ने ब्राह्मण धर्मशाला पर बने भवन का उद्घाटन किया। इस दौरान स्वामी ओमानंद महाराज ने कहा कि ब्राह्मण समाज ने हमेशा सनातन संस्कृति को बढ़ावा दिया है।

कस्बे में पांडव चौक में निमार्णाधीन ब्राह्मण धर्मशाला में रविवार को भगवान परशुराम मंदिर की आधारशिला रखे जाने से पूर्व ब्राह्मण समाज के लोगों ने भागवत पीठाधीश्वर स्वामी ओमानंद महाराज व श्री दण्डी आश्रम शुकतीर्थ के पीठाधीश्वर जनार्दन स्वरूप ब्रह्मचारी महाराज का पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया। इस दौरान श्री परशुराम जनकल्याण ट्रस्ट द्वारा निर्मित कार्यालय का उद्घाटन स्वामी ओमानंद महाराज ने फीता काटकर किया। इस दौरान धर्मशाला में शुकतीर्थ जीर्णोद्धारक, ब्रह्मलीन वीतराग स्वामी कल्याण देव की स्मृति में भवन का शिलान्यास किया गया। कार्यक्रम के दौरान बहसूमा निवासी एडवोकेट नीरज शर्मा ने अपने दिवंगत पिता पं. किरणचंद शर्मा व कमल प्रकाश आर्य ने अपने दिवंगत पिता भागसिंह आर्य व दिवंगत माता विद्यावती तथा मोरना निवासी डॉ. सतपाल भार्गव ने अपनी दिवंगत धर्मपत्नी की स्मृति में ब्राह्मण धर्मशाला के लिए भवन निर्माण कराने की घोषणा की, साथ ही रामराज निवासी समाजसेवी राजीव अग्रवाल ने अपने दिवंगत पिता प्रकाश चंद अग्रवाल की स्मृति में सबमर्सिबल पंप लगवाया है। इस दौरान ट्रस्ट के अध्यक्ष विनोद भूषण शर्मा, पं. सुधीर शर्मा, पं. कृष्णमोहन शर्मा, पं. संजय शर्मा, पं. कीर्तिभूषण शर्मा ने दानदाताओं को सम्मानित किया। इस दौरान स्वामी ओमानंद महाराज ने कहा कि यह ब्राह्मण धर्मशाला व धार्मिक केंद्र भक्तों व जनता के लिए कल्याणकारी सिद्ध होगा, जो मानव कल्याण के स्रोत के रूप में स्थापित होगा। जीवन कल्याण के दो महान आदर्श सूत्र हैं। साक्षात्कार और परोपकार। भारतीय संस्कृति में धर्म का संबंध शांति से है।

जहां शांति है, वहां सुख, समृद्धि और स्वर्ग है और जहां अशांति है, वहां दुःख, दरिद्रता और नरक है। कार्यक्रम के दौरान परशुराम जनकल्याण ट्रस्ट द्वारा बुजुर्ग असहाय, जरूरतमंद महिलाओं को कंबल वितरित किए गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता दंडी आश्रम शुकतीर्थ के महंत जनार्दन स्वरूप ब्रह्मचारी तथा संचालन पं. सुधीर शर्मा व विनोद भूषण शर्मा ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में पं. कीर्तिभूषण शर्मा, पूर्व वाइस चेयरमैन पं. सुशील शर्मा, संजय शर्मा, नरेश कौशिक, विकास कौशिक, मनोज शर्मा, हरिशंकर शर्मा, मूलचन्द शर्मा, प्रभात शर्मा, अजय मोहन शर्मा, पवन शर्मा, आचार्य आशीष, विकास गौतम, असीम शर्मा, विनय शर्मा, अंकित वत्स आदि लोग मौजूद रहे।

खतौली में गुरु गोविन्द सिंह प्रकाश उत्सव पर बरताया लंगर

खतौली, 05 जनवरी (बु.)। गुरू गोविन्द सिंह के प्रकाश उत्सव में पांच दिनों तक नगर में प्रभात फेरी निकाले जाने के पश्चात गुरूद्वारा में भजन कीर्तन व अटूट लंगर का आयोजन किया गया। मिली जानकारी के अनुसार गुरू गोविंद सिंह प्रकाश महोत्सव के अवसर पर रविवार को गुरूद्वारा सिंह सभा जानसठ रोड में राजेन्द्र सिंह नरेन्द्र सिंह परिवार द्वारा अखंड पाठ की सेवा दी। इस अवसर पर ज्ञानी हरभजन सिंह द्वारा गुरू गोविन्द सिंह के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि गुरू गोविंद सिंह सिक्खों के दसवें गुरू हैं, जिन्होंने खालसा पंथ की स्थापना बैसाखी के दिन सन् 1699 में की थी। गुरू गोविंद सिंह एक महान शूरवीर, योद्धा, महान तपस्वी के रूप में जाने जाते हैं तथा सिक्खों के धर्म पिता भी कहलाये जाते हैं। इस अवसर पर गुरूद्वारा में गुरू का अटूट लंगर बरताया गया, जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालुओं द्वारा प्रसाद ग्रहण किया गया। इस दौरान ज्ञानी हरभजन सिंह, सरदार सतपाल सिंह पाली, जसबीर सिंह, महेन्द्र सिंह, राजेन्द्र सिंह, गुरविन्दर सिंह, गुरमीत सिंह, हरबन्स सलूजा, गौरी शंकर गौरी, राजेन्द्र तनेजा, सतनाम सिंह, बिट्टू चड्ढा, चुन्नीलाल, देवेन्द्र बागड़ी, सरदार टीनू, हरभजन सिंह, आशीष रावल, नवनीत सिंह, सरदार मंजीत सिंह, हरिओम टंडन, अंकुश प्रधान सहित भारी संख्या में श्रद्धालुगण मौजूद रहे।

दुकानदारों पर नहीं पॉलीथीन बनाने वाले कारखानों पर की जाए कार्रवाई

प्रतिबंधित पॉलीथीन को लेकर उबले व्यापारी

बुढ़ाना, 5 जनवरी (बु.)। पॉलीथीन प्रतिबन्ध पर शासन व प्रशासन की दोहरी नीति पर बुढ़ाना कस्बे के कुछ व्यापारी परेशान देखे गये। इस बारे में अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल रजिस्टर्ड बुढ़ाना इकाई की एक आवश्यक बैठक में व्यापारियों द्वारा कहा गया कि पॉलीथीन के कारखाने चालू हैं। जब तक प्रशासन संयुक्त रूप से कारखानों पर कड़ी कार्यवाही नहीं करेगा, तब तक पॉलीथीन का उपयोग होता रहेगा। पॉलिथीन बैन पर पूरा असर तभी दिखेगा, जब इसके निर्माण पर रोक लगेगी। व्यापारियों पर चैकिंग अभियान चलाने के बजाय कारखानों पर रोक लगे। वैसे भी पॉलिथीन का प्रयोग पहले की तुलना में काफी कम है, लेकिन सवाल यह है कि ये बड़े-बड़े पॉलिथीन के कारखाने किसके संरक्षण में चल रहे हैं। जब तक इन्हे सील अथवा बन्द नहीं किया जायेगा, समस्या बनी रहेगी। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल रजिस्टर्ड इकाई बुढ़ाना के नगर अध्यक्ष संजीव कुमार संगल ने उत्तर प्रदेश सरकार से पॉलिथीन कारखानों को बंद करने की मांग की। यहां संरक्षक सुरेंद्र सिंघल नंगला, संरक्षक अरविन्द गोयल, उपाध्यक्ष विशाल कुमार, सचिव विनोद कुमार कश्यप, कोषाध्यक्ष कृष्ण गोपाल गोयल, सचिव नसीम भटियारा, सचिव मोहित शर्मा, सचिव सूफियान कुरैशी, महामंत्री अंशुल पाल और सचिव शुभम त्यागी आदि व्यापारी मौजूद रहे।

सफाई आयोग की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अंजना पंवार का पुरकाजी में स्वागत

छपार, 5 जनवरी (बु.)। दिल्ली से हरिद्वार जाते समय सुबह राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अंजना पंवार का पुरकाजी बाईपास पर जिला व्यापार प्रकोष्ठ के सहसंयोजक बृजकिशोर गुप्ता बिट्टू के नेतृत्व में भाजपाईयों ने स्वागत किया। इस दौरान वरिष्ठ भाजपा नेत्री रितु सिंघल, आदेश सिंघल, अंकुर गुप्ता, रजनीश, राघव प्रदान, आदि के साथ ही पुरकाजी के सफाईकर्मी नेता मैनपाल वाल्मीकि आदि द्वारा स्वागत कर समस्याए रखी गई।

साइबर ठगों ने ठगे डेढ़ लाख, युवती ने दी जान

सहारनपुर, 05 जनवरी (एजेंसी)। चिलकाना कस्बे के मोहल्ला हामिद हसन निवासी रानी (26) ने जहरीला पदार्थ निगलकर आत्महत्या कर ली। बताया जा रहा है कि युवती ने 42 लाख के झांसे में आकर साइबर ठग को डेढ़ लाख रुपये भेज दिए थे। यह रकम युवती ने आसपास के लोगों और रिश्तेदारों से उधार ली थी। परिजनों ने बिना कानूनी कार्रवाई के शव को सुपुर्द-ए-खाक कर दिया। खुर्शीद की बेटी रानी ने रविवार सुबह जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत खराब होने पर परिजन युवती को सहारनपुर के एक निजी चिकित्सक के यहां लेकर पहुंचे। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। परिजन बिना किसी कार्रवाई के शव को अपने साथ घर ले आए और सुपुर्द-ए-खाक कर दिया। आसपास के लोगों ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से रानी साइबर ठगों के चंगुल में फंस गई थी। फोन पर साइबर ठगों ने झांसा दिया था कि अगर वह डेढ़ लाख रुपये जमा करा दे तो उनके खाते में 42 लाख रुपये आ जाएंगे।

संपत्ति विवाद में बेटे ने पिता पर पेट्रोल डालकर लगाई आग, मां को मारा चाकू

महराजगंज, 05 जनवरी (एजेंसी)। घुघली थाना क्षेत्र के रामपुर बलडीहा गांव में जमीन के मुआवजे की रकम के लिए बड़े बेटे ने पिता पर पेट्रोल डालकर आग लगाकर जिंदा जलाने की कोशिश की। बचाने पहुंची मां को चाकू से वार कर घायल कर दिया। चिल्लाने की आवाज सुनकर गांव के लोग पहुंचे तो दोनों की जान बची। उनको जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार, घुघली थाना क्षेत्र के रामपुर बलडीहा गांव के सुदर्शन की 63 डिस्मिल जमीन प्रस्तावित घुघली-महराजगंज रेल मार्ग में निकली है। उन्हें जमीन का मुआवजा 85 लाख रुपये मिले थे। इस रकम को अपने चारों बेटे में 10-10 लाख बांट कर शेष रकम की जमीन पत्नी प्रभावती देवी के नाम से खरीदें है। इसी बात से बड़ा बेटा राधे नाराज हो गया है। वह बचे हुए रकम को मांग रहा था। इसे लेकर बार बार वह झगड़ा करता था। शनिवार की देर रात करीब 12 बजे बजे नशे में धूत होकर हो घर अया। उसके पिता सुदर्शन घर पर थे। मां प्रभावती देवी दूसरे कमरे में सो रहीं थीं। राधे जब घर आया तो पहले ही अपशब्दों की बौछार कर दी। उसके पिता ने टोका तो उनसे उलझ गया। ठंड होने के कारण वह रजाई ओढ़कर सोये हुए ही बोल रहे थे। बातचीत करते करते अचानक राधे आक्रोशित हो गया। आरोप है कि वह साथ में एक डिब्बे में पेट्रोल लेकर आया था। उसे पिता के मुंह पर उडेल दिया और कुछ हिस्सा किनारे गिरा कर आग लगा दी। आग लगने पर सुदर्शन चिल्लाने लगे। यह सुनकर प्रभावती देवी बगल के कमरे से आई तो उन्हें चाकू से मुंह पर वार कर घायल कर दिया। इसके बाद सुदर्शन व उनकी पत्नी प्रभावती देवी दोनों चिल्लाने लगे तो गांव के लोग एकत्र हो गए। इतने में सुदर्शन मुंह का एक हिस्सा झुलस गया। वहीं प्रभावती देवी में दर्द से कराह रहीं थी। गांव के लोगों ने आरोपी बेटे को पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया। वहीं दोनों घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। घुघली थानाध्यक्ष गौरव सिंह के अनुसार, तहरीर नहीं मिली है। आरोपी बेटे को पकड़ लिया गया है।

बांग्लादेश में फंसे 95 मछुआरे भारत लौटे, 90 बांग्लादेशियों को उनके वतन भेजा गया

कोलकाता, 05 जनवरी (एजेंसी)। बिगड़े हालातों के बीच कई महीनों से एक-दूसरे देश में बंद भारत और बांग्लादेश के मछुआरे आज अपने-अपने वतन लौटे। रविवार को बंगाल की खाड़ी में इनका आदान-प्रदान हुआ। बांग्लादेश ने जहां 95 भारतीय मछुआरों को छोड़ा। वहीं भारत ने 90 बांग्लादेशी मछुआरे बांग्लादेश को सौंपे। उल्लेखनीय है कि पूरी प्रक्रिया पर भारत और बांग्लादेश की कोस्ट गार्ड की निगरानी हुई। भारतीय तटरक्षक बल और बांग्लादेश तटरक्षक बल के बीच समन्वित मछुआरों के आदान-प्रदान में, आईसीजी जहाज वरद और अमृत कौर ने 95 भारतीय मछुआरों और चार भारतीय मछली पकड़ने वाली नौकाओं को सुरक्षित रूप से भारत वापस भेजा, जबकि 90 बांग्लादेशी मछुआरों, जिनमें डूबे हुए मछली पकड़ने वाली नाव "कौशिक" से बचाए गए 12 मछुआरे भी शामिल हैं, को बांग्लादेश तटरक्षक बल को सौंपा गया। हाल के महीनों में कई भारतीय मछुआरों को बांग्लादेशी अधिकारियों ने गिरफ्तार किया था जब वे अनजाने में अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा पार कर बांग्लादेशी जल क्षेत्र में प्रवेश कर गए थे। इसी तरह के हालात में कई बांग्लादेशी मछुआरों को भारतीय अधिकारियों ने भी गिरफ्तार किया था। सूत्रों के मुताबिक, जो भारतीय मछुआरे वापस लौट रहे हैं उनमें अधिकांश दक्षिण 24 परगना के काकदीप और नामखाना के निवासी हैं। सूत्रों के मुताबिक इन सभी को सोमवार को गंगासागर लाया जाएगा, जहां मुख्यमंत्री ममता बनर्जी मौजूद रहेंगी।

दोनों बार के अधिवक्ता न्यायिक कार्यों से रहेंगे विरत, कचहरी में आज नो वर्क

मुजफ्फरनगर, 05 जनवरी (बु.)। मंगलवार को डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के चुनाव में अधिवक्ताओं की व्यवस्तताओं के चलते सोमवार को डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन और सिविल बार एसोसिएशन ने संयुक्त रूप से इस बीच न्यायालयों में कामकाज न किए जाने की जानकारी दी है। डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रमोद त्यागी एवं सिविल बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष सुनील कुमार मित्तल ने संयुक्त रूप से कहा कि डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन वर्ष 2025 के चुनाव हेतु चुनाव प्रक्रिया में अधिक व्यस्त रहेंगे। इस कारण न्यायालयों में दोनों बार संघ के अधिवक्ता समस्त न्यायिक कार्यों से विरत रहेंगे। आगामी 7 जनवरी को जिला बार एसोसिएशन के होने वाले मतदान के लिए इस बार अध्यक्ष पद पर चतुष्कोणीय मुकाबला होने की संभावनाएं हैं, वहीं वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर तीन, वरिष्ठ उपाध्यक्ष दो पद पर 4, उपाध्यक्ष दो पदों पर 5 दिग्गज मैदान में हैं। वहीं महासचिव पद पर 9, कोषाध्यक्ष पद पर चार, वरिष्ठ सदस्यों के छह पदों पर 8 और सामान्य सदस्य के 6 पदों पर कुल 21 प्रत्याशियों ने ताल ठोक रखी है। मंगलवार को होने वाले इस मुकाबले के लिए सोमवार का दिन अहम माना जा रहा है, जिसमें अपने पक्ष में मतदाताओं को लाने के प्रयास किए जाएंगे।

इस सप्ताह दो दिन अयोध्या के दौरे पर रहेंगे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

लखनऊ, 05 जनवरी (एजेंसी)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इस सप्ताह दो दिन रामनगरी के दौरे पर रहेंगे। मुख्यमंत्री आठ जनवरी को मिल्कीपुर के हैरिंग्टनगंज पलिया मैदान में भारतीय जनता पार्टी की जनसभा को संबोधित करेंगे। जनसभा में मिल्कीपुर उपचुनाव को लेकर मुख्यमंत्री की ओर से भाजपा के पक्ष में माहौल बनाया जाएगा। इस दौरान सीएम मिल्कीपुर की जनता को कई विकास परियोजनाओं की सौगात भी दे सकते हैं। भाजपा के जिलाध्यक्ष संजीव सिंह ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि आठ जनवरी को एक बार फिर मुख्यमंत्री योगी मिल्कीपुर के दौरे पर आएंगे। इसी कड़ी में 11 जनवरी को मुख्यमंत्री अयोध्या धाम में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर की प्रतिष्ठा द्वादशी उत्सव में भी शामिल होंगे। इस दौरान योगी रामलला का पूजन अर्चन करने के साथ आरती उतारेंगे। विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होते हुए अंगद टीला पर सभा को संबोधित करेंगे। इसकी पुष्टि श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने की है। इस तरह एक सप्ताह के भीतर दो बार सीएम अयोध्या के दौरे पर रहेंगे। इसके पहले शनिवार को मुख्यमंत्री मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र का दौरा कर चुके हैं।

महाकुंभ में पहुंची एनएसजी की टीम, ब्लैककैट कमांडोज ने संभाला मोर्चा

आतंकी मंसूबों को नाकाम करने की पूरी तैयारी

प्रयागराज, 05 जनवरी (एजेंसी)। महाकुंभ मेले में आतंकी मंसूबों को नाकाम करने के लिए नेशनल सिक्योरिटी गार्ड (एनएसजी) ने मोर्चा संभाल लिया है। देश की सर्वोच्च काउंटर टेररिज्म एजेंसी के 200 ब्लैककैट कमांडो मेले में तैनात होंगे। इनमें से 50-50 सदस्यीय दो टीमों ने मेले में पहुंचकर मोर्चा संभाल भी लिया है। यह टीमें दो हेलीकॉप्टरों से पहुंची हैं जिन्होंने मेले में निगहबानी भी शुरू कर दी है। महाकुंभ को लेकर मिली आतंकी धमकी को देखते हुए सुरक्षा संबंधी अन्य इंतजामों के साथ-साथ इस बार आतंकी गतिविधियों को नाकाम करने के लिए विशेष उपाय किए जा रहे हैं। इसी के तहत इस बार मेले में विशेष रूप से एनएसजी की भी चार टीमें तैनात किए जाने का निर्णय लिया गया है। इन चार टीमों में से प्रत्येक में 50-50 ब्लैककैट कमांडो शामिल होंगे। यह कमांडो आतंकी वारदातों से निपटने के लिए विशेष रूप से प्रशिक्षित हैं। इनमें से दो टीमों ने मेले में पहुंचकर मोर्चा भी संभाल लिया है। यह दो टीमें हेलीकॉप्टर से पहुंची हैं। अफसरों ने बताया कि एनएसजी की टीमें अपना चॉपर साथ लेकर चलती हैं। एनएसजी कमांडो की एक विशेषता यह भी है कि वह बिना हथियार के भी दुश्मन को मार गिराने में सक्षम होते हैं। मेले में तैनात होने वाले एनएसजी कमांडो एंटी ड्रोन अभियान के साथ-साथ रात में चलने वाले काउंटर टेररिज्म ऑपरेशन को भी आसानी से अंजाम दे सकते हैं। मेले में इस बार एनएसजी कमांडोज का के-9 दस्ता भी तैनात होगा। अफसरों ने बताया कि यह दस्ता दोहरी विशेषता रखता है। दुश्मन पर हमला करने के साथ-साथ इस दस्ते को इंप्रूवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) का पता लगाकर उसे कुछ ही क्षणों में निष्क्रिय करने में भी महरात हासिल है।

राजस्थान पुलिस के 9 ट्रेनी एसआई सस्पेंड, दो दिन में 20 पर गिरी गाज

जयपुर, 05 जनवरी (एजेंसी)। सब इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा-2021 के पेपर लीक मामले में नया मोड़ आ गया है। 9 और ट्रेनी रक को सस्पेंड कर दिया गया है। इससे पहले 11 ट्रेनी एसआई सस्पेंड हो चुके थे। यानी अब तक कुल 20 ट्रेनी एसआई निलंबित हो चुके हैं। एसओजी ने इस मामले में अब तक 45 ट्रेनी एसआई को गिरफ्तार किया है, जिनमें से 25 को जमानत मिल चुकी है। यह कार्रवाई राजस्थान पुलिस द्वारा की जा रही है। राजस्थान पुलिस की स्पेशल ऑपरेशंस ग्रुप (एसओजी) ने पेपर लीक मामले में शामिल 9 और ट्रेनी सब-इंस्पेक्टरों को निलंबित कर दिया है। इससे पहले 3 जनवरी को 11 ट्रेनी रक को निलंबित किया गया था। इसके साथ ही निलंबित ट्रेनी एसआई की संख्या 20 हो गई है। रविवार को बीकानेर रेंज के आईजी ओमप्रकाश ने 8 ट्रेनी रककरणपाल गोदारा, जयराम, मनीष बेनीवाल, श्रवण कुमार, मनीषा, अंकिता गोदारा, मंजू विश्नोई और मंजू देवी को निलंबित किया। मंजू विश्नोई को बीकानेर, मंजू देवी को हनुमानगढ़ और बाकी को श्रीगंगानगर जिला आवंटित किया गया था। अजमेर रेंज के आईजी ओमप्रकाश ने एक ट्रेनी रक सुभाष विश्नोई को सस्पेंड किया है। 3 जनवरी को जयपुर और उदयपुर रेंज के 11 ट्रेनी रक को निलंबित किया गया था। एसओजी ने अब तक इस मामले में 45 ट्रेनी एसआई को गिरफ्तार किया है। इनमें से 25 आरोपियों को जमानत मिल चुकी है। इसके अलावा, 6 ऐसे आरोपी भी गिरफ्तार किए गए हैं, जिनका चयन तो हो गया था, लेकिन उन्होंने जॉइन नहीं किया था। पुलिस मुख्यालय ने इस मामले में विभागीय कार्रवाई के लिए सभी जिला और रेंज को मई में ही निर्देश दिए थे। हरी झंडी मिलने का इंतजार था। एसआई भर्ती 2021 में ट्रेनिंग ले रहे एसआई को फील्ड ट्रेनिंग पर भेजने के आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी गई है।

योगी का बुलडोजर भ्रष्टाचारियों के लिए प्रहार : नायब सैनी

हरियाणा के मुख्यमंत्री ने कहा-सुशासन के लिए जनता 2027 में भी योगी को ही सीएम बनाए

सहारनपुर, 05 जनवरी (वार्ता)। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने रविवार को कहा कि यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुलडोजर सपा-बसपा समर्थक भ्रष्टाचारियों पर प्रहार के लिए है। हरियाणा के मुख्यमंत्री आज योगी सरकार में राज्यमंत्री और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के पिछडा वर्ग के नेता जसवंत सैनी के निमंत्रण पर यहां आए थे। रामपुर मनिहारान में सैनी शिक्षा प्रसार समिति के तत्वावधान में उनके सम्मान में आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए हरियाणा के मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की लोक कल्याणकारी नीतियों का गुणगान किया। उन्होंने सहारनपुर के भाजपाइयों का हरियाणा चुनाव में मदद करने के लिए आभार जताया और कहा कि वह 2027 में यूपी विधान सभा चुनाव में अपना पूरा योगदान देने के लिए पूरी ताकत से यहां आएंगे। श्री सैनी ने कार्यक्रम आयोजक जसवंत सैनी को अपना प्रिय भाई बताते हुए कहा कि वह पश्चिमी उत्तर प्रदेश के प्रमुख भाजपा नेता है। वह और उनके सहयोगी हरियाणा में किसी भी जनहितैषी कार्य के लिए आदेश करेंगे तो वह उसे मन से कराने का काम करेंगे। उन्होंने पिछडा वर्ग के युवाओं को शिक्षा ग्रहण करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने जसवंत सैनी को उन्हें यहां आमंत्रित करने के लिए भी आभार जताया। समारोह को उत्तर प्रदेश के राज्य मंत्री जसवंत सैनी ने भी संबोधित किया। समारोह में अखिलेश यादव सरकार में काबिना मंत्री रहे और लोकसभा चुनाव के मौके पर सपा छोडकर भाजपा में शामिल होने वाले साहब सिंह सैनी भी उपस्थित रहे। हरियाणा

1973-2025

सम्पादक की क़लम से

दिल्ली को लेकर भाजपा गंभीर

दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा गंभीर दिखायी पड़ रही है। प्रत्याशियों के चयन और आप पर तीखे हमलों से यह पता चल रहा है कि भाजपा इस बार दिल्ली विधानसभा चुनाव को हल्के में लेकर नहीं चल रही है। आम आदमी पार्टी के नेता प्रधानमन्त्री के हमलों से परेशान दिखायी पड़ रहे हैं। भाजपा और प्रधानमन्त्री मोदी इस बार दिल्ली को लेकर गंभीर दिखायी दे रहे हैं। कल भी प्रधानमन्त्री ने कई परियोजनाओं का लोकार्पण किया और आधारशिला भी रखी। इसके साथ ही उन्होंने आप पर फिर निशाना साधा। केजरीवाल एन्ड पार्टी प्रधानमन्त्री के हमलों से बिलबिला सी गयी है। केजरीवाल ने भी प्रधानमन्त्री के सम्बोधन को लेकर कटाक्ष किए हैं। प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ने कल दिल्ली को 12,200 करोड़ रुपये की बड़ी सौगात दी। उन्होंने नमो भारत कॉरिडोर के न्यू अशोक नगर से साहिबाबाद तक 13 किलोमीटर लंबे खंड का उद्घाटन किया। यह हाई-टेक ट्रेन शाम 5 बजे से यात्रियों के लिए शुरू हो गयी है। इसके साथ ही, पीएम मोदी ने जनकपुरी पश्चिम से कृष्णा पार्क तक नए मेट्रो कॉरिडोर का भी उद्घाटन किया। इन परियोजनाओं से दिल्ली और एनसीआर के लोगों की यात्रा और भी आसान और तेज होगी। नमो भारत ट्रेन और मेट्रो के ये नए कॉरिडोर क्षेत्र के विकास की दिशा में बड़ा कदम माने जा रहे हैं। नमो भारत कॉरिडोर के नए फेज की शुरूआत के साथ दिल्ली-मेरठ के बीच सहज आवागमन आरम्भ हो गया है। अब तक साहिबाबाद से मेरठ के बीच 42 किलोमीटर लंबा रूट चालू था, जिसमें कुल 9 स्टेशन शामिल थे, लेकिन अब इस नए फेज के जुड़ने से यह रूट 55 किलोमीटर लंबा हो गया है और स्टेशन की संख्या 9 से बढ़कर 11 हो गई है। यह विस्तार न केवल यात्रियों के समय की बचत करेगा, बल्कि क्षेत्रीय विकास को भी नयी दिशा देगा। दिल्ली-मेरठ के बीच अब सफर और तेज, और सुविधाजनक हो गया है। नए फेज के साथ यह कॉरिडोर विकास और प्रगति की रफ्तार को और आगे ले जाएगा। नमो भारत ट्रेन का नया कॉरिडोर 6 किलोमीटर भूमिगत होगा, जिसमें आनंद विहार स्टेशन भी शामिल है। यह पहली बार है, जब नमो भारत ट्रेनें भूमिगत ट्रैक पर दौड़ेंगी। आनंद विहार स्टेशन इस कॉरिडोर के सबसे बड़े स्टेशनों में से एक होगा। आनंद विहार से मेरठ साउथ स्टेशन तक का सफर केवल 35 मिनट में पूरा किया जाएगा। इसके बाद पीएम मोदी ने रोहिणी के जापानी पार्क में परिवर्तन रैली को संबोधित करते हुए कहा कि हमें दिल्ली को विकसित भारत की राजधानी बनाने की जरूरत है। मैं दिल्ली के लोगों से अपील करना चाहता हूं कि वे दिल्ली के उज्ज्वल भविष्य के लिए भाजपा को मौका दें, यह भाजपा ही है जो दिल्ली का विकास कर सकती है। पिछले 10 सालों में दिल्ली ने जो सरकार देखी है, वह आप-दा से कम नहीं है। अब, हम दिल्ली में केवल आप-दा नहीं सहेंगे, बदल के रहेंगे सुन सकते हैं। दिल्ली विकास चाहती है और दिल्ली के लोगों को भाजपा पर भरोसा है। हम 2025 के साल में हैं। आने वाले 25 साल दिल्ली और पूरे देश के भविष्य के लिए महत्वपूर्ण होंगे। ये 25 साल भारत को विकसित भारत बनते देखेंगे। हम इसका हिस्सा बनेंगे। ये साल भारत को आधुनिकीकरण के नए युग में बदलते देखेंगे। वह समय जल्द ही आ रहा है, जब भारत दुनिया की तीसरी आर्थिक शक्ति बनेगा और इसके लिए दिल्ली का योगदान जरूरी है। पीएम मोदी ने कहा कि लोग भाजपा का समर्थन करना जारी रखते हैं। उन्होंने हरियाणा से लेकर ओडिशा तक का उदाहरण देते हुए कहा कि केंद्र में सत्तारूढ़ पार्टी को इन राज्यों में पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनाने का मौका दिया गया। इसलिए, एक बार जब लोग भाजपा पर भरोसा कर लेते हैं, तो वे उसका समर्थन करते रहते हैं। चाहे वह उत्तर भारत हो, ओडिशा हो या हाल ही में हरियाणा, जहां भाजपा को लगातार तीसरी बार पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनाने का अवसर मिला। दिल्ली में भी, एक बार फिर, लोगों ने हमारे सभी सांसदों को आशीर्वाद दिया है और हमें विश्वास है कि विधानसभा चुनावों में भी भाजपा का कमल खिलेगा। मैं सभी भाजपा कार्यकर्ताओं से आग्रह करूंगा कि वे लोगों को पार्टी के संकल्पों से अवगत कराएँ और उन्हें विकास के दृष्टिकोण से परिचित कराएं। पीएम मोदी ने कहा कि दिल्ली में बीजेपी की सरकार आई, तो दिल्ली में जो भी योजनाएं चल रहीं हैं, वहां से बेईमान लोगों को हटाकर ईमानदार लोगों को बैठाएंगे। केजरीवाल ने प्रधानमन्त्री के सम्बोधन पर कहा कि प्रधानमन्त्री जी हर रोज दिल्ली के लोगों को गालियां दे रहे हैं, दिल्ली की जनता का अपमान कर रहे हैं। दिल्ली के लोग चुनाव में बीजेपी को इस अपमान का जवाब देंगे। आज का उद्घाटन एक उदाहरण है, जो दिखाता है कि आप केवल दिल्ली के लोगों के लिए काम करती है। उन्होंने हमारे टॉप नेतृत्व को जेल भेज दिया, लेकिन हमारे खिलाफ जो अत्याचार हुए, पार्टी पर अत्याचार किया गया। हमने उसे कभी भी मुद्दा नहीं बनाया। अगर हम अपने ऊपर हुए अत्याचार को दिल से ले लिए होते, तो आज दिल्ली मैट्रो की ये लाइन नहीं बनती और इसका उद्घाटन नहीं होता। कैग की रिपोर्ट पर भी केजरीवाल घिर रहे हैं, भाजपा तो हमलावर है ही, कांग्रेस भी केजरीवाल पर निशाना साध रही है। कांग्रेस नेता अलका लांबा ने भी इस मामले में बयान दिया है। अलका लांबा ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि एक अंग्रेजी अखबार में पूरे रिसर्च और सबूतों के आधार पर यह जानकारी सामने आई है कि खुद को आम आदमी कहने वाले मुख्यमंत्री ने अपने सरकारी आवास में टैक्स पेयर्स के 33 करोड़ रुपए खर्च किए हैं। लांबा ने कहा कि यह वही केजरीवाल हैं, जिन्होंने कहा था कि वह कोई बंगला, कार और अन्य सुविधाएं नहीं लेंगे। अलका लांबा ने कहा कि इस रिपोर्ट के सामने आने के बाद अरविंद केजरीवाल को जवाब जरूर देना चाहिए, क्योंकि वह बड़ी आदर्शवादी राजनीति की बात किया करते थे। लांबा ने कहा कि कैग ने अखबार की इस रिपोर्ट पर मुहर लगाई है और केजरीवाल को आगे आकर जवाब देना चाहिए। अलका लांबा दिल्ली की कालकाजी विधानसभा सीट से चुनाव लड़ रही हैं। इस सीट से आम आदमी पार्टी की ओर से मुख्यमंत्री आतिशी उम्मीदवार हैं, तो बीजेपी ने अपने हैवीवेट नेता और पूर्व सांसद और दक्षिणी दिल्ली की लोकसभा सीट से दो बार सांसद रहे रमेश बिधूड़ी को उम्मीदवार बनाया है। बिधूड़ी ने भी प्रियंका को लेकर आपत्तिजनक वक्तव्य दिया है। कांग्रेस ने बिधूड़ी को निशाने पर ले रखा है।

चार मोती

सुनील उत्सव

'नाटक' 'नौटंकी' 'आपदा' 'सियासत'
के पूरी पार्टी नाटक में नौटंकी में माहिर है,
रहे हैं जेल में लेकिन जबां पर अब शराफत है।
मुसीबत आपदा बनकर रहे हैं बीते सालों में,
गलत हैं सब बयां उनके, गलत उनकी सियासत है।

रामराज में पटाखा बुलट का आतंक

रामराज, 05 जनवरी (बु.)। रामराज में पटाखा बुलेट का विरोध करने पर आरोपी बुलेट के मालिक ने अपने साथियों के साथ मिलकर विरोध कर रहे युवक व उसके परिजनों के साथ मारपीट कर दी। पीड़ित ने आरोपियों के विरुद्ध तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। रामराज में इस समय बुलेट बाइक का आतंक छाया हुआ है। रामराज निवासी एक बुलेट सवार प्रतिदिन अपनी बुलेट को तेजी से चलाकर बुलेट से पटाखे छोड़कर दहशत फैला रहा है। वहीं इसी गली के बाहरी छोर पर भारतीय स्टेट बैंक के निकट रामराज थाने की पुलिस पिकेट भी है, किन्तु रामराज पुलिस के कानों पर जूं तक नहीं रेंग रही है। इसी बात का फायदा उठाकर आरोपी बुलेट सवार बेखौफ होकर अपनी बुलट से पटाखे छोड़ता रहता है। रामराज के स्टेट बैंक के सामने के निवासी अंकुर ने जब इस बुलेट सवार को रोककर पटाखे छोड़ने का विरोध करते हुए कहा कि उसकी लड़की की परीक्षा चल रही है, कृपया यहा पर अपनी बुलेट से पटाखे मत छोड़ो तो आरोप है कि बुलेट सवार ने अपने दो साथियों को मौके पर बुला लिया तथा अंकुर व उसके माता-पिता के साथ गाली-गलौच कर जातिसूचक शब्द कहते हुए मारपीट का प्रयास किया, जिस पर अंकुर ने बचाव के लिए शोर मचाया, तो तीनों आरोपी मौके से फरार हो गए। पीड़ित अंकुर ने आरोपी रामराज निवासी बादल, अजय व गोकुल के विरुद्ध मौके पर पहुंची रामराज पुलिस को तहरीर दी है। वहीं पुलिस ने बुलट को कब्जे में ले लिया, किन्तु आरोपियों के विरुद्ध कोई कार्यवाही नहीं की है, जिससे पीड़ित परिवार के साथ-साथ मौहल्लेवासियों में दहशत व्याप्त है। एसओ सुनील कसाना का कहना है कि बुलेट को सीज कर दिया है। तहरीर एसएसआई के पास है और किसके विरुद्ध है उसकी जानकारी नहीं लग पाई है।

शाहपुर में महिला की शिकायत पर पहुंचे एसडीएम राजकुमार भारती

- ईओ ने पड़ोसी को मकान में दिये पिलर लगाने के निर्देश - लोक निर्माण विभाग करेगा गुणवत्ता की जांच

शाहपुर, 05 जनवरी (बु.)। महिला की शिकायत पर एसडीएम राजकुमार भारती ने आज मौके का निरीक्षण किया। कस्बा निवासी महिला के प्रार्थना-पत्र पर नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी ने बनाए जा रहे मकान का निरीक्षण कर मकान में पिलर लगाने के निर्देश दिए। कस्बे के बुढ़ाना रोड निवासी सुनीता शर्मा ने अधिकारियों को प्रार्थना-पत्र देकर बताया था कि उसके पड़ोसी अब्दुल वाहिद व कय्यूम मुल्तानी ने उसकी साझली दीवार को काटकर लगभग एक वर्ष से अपना निर्माण कार्य कर रहे है तथा उन्होंने तीन मंजिला इमारत तैयार कर ली है, जिससे उसकी मकान की दीवार में दरार आ गई है। उसके परिवार को डर सता रहा है। इस संबंध में देर शाम उप-जिलाधिकारी बुढ़ाना राजकुमार भारती मौके पर पहुंचे और महिला से उसकी समस्या सुनकर समाधान कराने का आश्वासन दिया। रविवार की शाम नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी दीपक कुमार ने भी मौके पर पहुंचकर बन रहे मकान का निरीक्षण किया। इस दौरान ईओ ने मकान मालिक को बनाए गए मकान में पिलर लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नगर पंचायत ने जो नक्शा पास किया गया है। उसी के अनुरूप मकान का निर्माण कार्य किया जाए अन्यथा कड़ी कार्यवाही की जाएगी। ईओ ने बताया कि इस सम्बन्ध में लोक निर्माण विभाग के जेई को पत्र लिखकर मकान की गुणवत्ता के बारे में जानकारी मांगी गई है। ईओ ने पीड़ित महिला से मिलकर उसकी समस्या का समाधान कराने का आश्वासन दिया।

जनपद जाट महासभा की बैठक में संगठन की मजबूती को लेकर मंथन

मुजफ्फरनगर, 05 जनवरी (बु.)। जनपद जाट महासभा की बैठक चौ. चरण सिंह भवन वर्मा पार्क में आयोजित हुई, जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष धर्मवीर सिंह बालियान व संचालन जिला महासचिव ओमकार अहलावत ने किया। बैठक में 31 जनवरी को मोरना में आयोजित होने वाली जनपद जाट महासभा की मीटिंग का प्रस्ताव रखा। वरिष्ठ नागरिकों व क्षेत्र के गणमान्यों का सम्मान किया जाएगा। जनपद जाट महासभा की बैठक में इस दौरान संजीव प्रधान करवाड़ा, ब्लॉक अध्यक्ष वेदवीर सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष मोरना दीपक बालियान, बिट्टू सिखेड़ा, ज्ञानदीप बालियान को जिममेदारी सौंपी गई। इस दौरान गत बैठक के व्यय को बताने के साथ वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान और क्षेत्र में नए सदस्य बनाने की रणनीति पर विचार किया गया। बैठक में जयवीर सिंह, धर्मेंद्र तोमर, देवी सिंह, रामपाल सिंह, रमेश कुमार, दलबीर सिंह, मनोज राठी, ब्रज वीर सिंह, ऋषिपाल बालियान, नरेंद्र पंवार, विराज तोमर, राहुल पंवार, केडी वर्मा, यशपाल सिंह, सुशील वर्मा, परविंद्र दहिया, बिट्टू सिखेड़ा, दीपक बालियान, बृजेश चौधरी, सत्येंद्र सिंह, राधेश्याम, कुलदीप प्रधान आदि मौजूद रहे।

स्वास्थ्य मेला आयोजित हुआ 79 मरीजों की जांच कर दी दवाई

जानसठ, 05 जनवरी (बु.)। सीएचसी प्रभारी डॉ. अजय कुमार की देखरेख में क्षेत्र के गांव मीरापुर, राजपुर कला, रामराज, सिखेड़ा में स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रो पर मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य मेले में अधिकतर खांसी, जुकाम, बुखार के मरीज आए। 79 मरीजों की जांच कर दवाइयां दी गई। रविवार को मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले में चिकित्सक और स्वास्थ्य कर्मियों ने 79 मरीजों की जांच कर दवाई का वितरण किया। मेले के दौरान पीएचसी पर स्टाफ के द्वारा महिलाओं को परिवार नियोजन से संबंधित जानकारी दी भी दी गई। आंगनवाड़ी और सहायिकाओं के द्वारा बच्चों का वजन किया गया। एएनएम के द्वारा गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों को टीके लगाए गए। 23 मरीजों की ब्लड प्रेशर, शुगर और खून की जांच भी की गई। डॉ. अजय कुमार ने बताया कि इस दौरान डॉ. शिखा गुप्ता, डॉ. सुषमा शर्मा, डॉ. नदीम, डॉ. रूचि, फार्मेसिस्ट मरदान, अब्दुल कलीम, गंभीर, जावेद और वार्ड बॉय राजेंद्र ने स्वास्थ्य मेले में सहयोग किया।

05 साल की काव्या वत्स ने कब्जाया गोल्ड

मुजफ्फरनगर, 05 जनवरी (बुस.)। कराटे एसोसिएशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में 04 व 05 जनवरी को नॉर्थ वेस्ट जोन कराटे चैम्पियनशिप प्रतियोगिता का आयोजन कुरुक्षेत्र योग भवन हाल में किया गया, जिसमें भारत के नॉर्थ वेस्ट जोन के अगल-अलग राज्यों व जिलों से आए चयनित 800 खिलाडियों ने प्रतिभाग किया, जिसमें डिस्ट्रिक्ट स्पोर्ट्स कराटे एसोसिएशन के मुजफ्फरनगर से चयनित खिलाड़ियों ने प्रतिभाग कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। अपने भार वर्ग में कराटे फाइट में मुजफ्फरनगर का नाम रोशन करने वाली स्वर्ण पदक विजेता 05 वर्षीय काव्या वत्स ने शानदार फाइट का प्रदर्शन कर सबके दिलों के साथ स्वर्ण पदक कब्जाया। इस दौरान कैलाश सैनी के द्वारा नन्हीं काव्या को सम्मानित करते हुए उसे रिवॉर्ड के रूप में ग्यारह हजार का इनाम दिया। इस दौरान सिद्धांत सिंह ने अंडर-14 एज ग्रुप में खेलते हुए फाइट में रजत पदक प्राप्त किया व सब जूनियर क्वार्टर इवेंट मे स्वर्ण पदक प्राप्त कर सिद्धांत ने अपने गुरुजनों व अपने परिजनों का नाम रोशन किया। जीतने वाले अन्य खिलाड़ियों ने भी जिले व राज्य का नाम रोशन किया। मुजफ्फरनगर से रेफरी के रूप में सेक्रेटरी जनरल शिहान राजेश कौशिक ने रेफरी जज की भूमिका निभाई। उत्तर प्रदेश कराटे के संयुक पदाधिकारी सिंहान अमित गुप्ता, सिहान योगेश कालरा, शिहान वैकुंठ ने खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

अब ग्राम पंचायतों में विकास के गुर सीखेंगे ग्राम प्रधान

- सोमवार से दो दिवसीय ऑन लाइन प्रशिक्षण होगा शुरू
- पहले दिन बुढ़ाना, चरथावल, जानसठ व मोरना की बारी
- मंगलवार को सदर, पुरकाजी, बघरा, खतौली व शाहपुर का नंबर

पंचायती राज विभाग
उत्तर प्रदेश

मुजफ्फरनगर, 05 जनवरी (बु.)। उच्च न्यायालय के जारी आदेशों के चलते यूपी सरकार अब ग्राम प्रधानों को जूम ऐप से ऑनलाइन प्रशिक्षण देगी। गांवों में प्रधानी की जंग जीतने वाले इन जनप्रतिनिधियों को पंचायतों में विकास करने के गुर सिखाए जाएंगे। उत्तर प्रदेश पंचायती राज विभाग इसका कार्यक्रम तैयार कर रहा है। सोमवार से शुरू होने वाले इस दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में जनपद के 487 ग्राम प्रधानों की 04 बैचों में ब्लॉक स्तर के माध्यम से उक्त प्रशिक्षण प्रक्रिया शुरू होगी। उच्च न्यायालय के जारी हुए आदेशों के क्रम में पंचायती राज प्रशिक्षण संस्थान के निदेशक ने जनपद में समस्त ग्राम प्रधानों को प्रशिक्षण प्रदान किया जाना है। इस कड़ी में जूम मीटिंग ऐप के माध्यम से जनपद-मुजफ्फरनगर के 9 विकास खंडों के 487 ग्राम प्रधानों का 4 बैचों में 6 व 7 जनवरी को ऑनलाईन प्रशिक्षण जूम ऐप के माध्यम से उपनिदेशक (पंचायत) सहारनपुर मंडल सहारनपुर-प्राचार्य, जनपद पंचायत रिसोर्स सेंटर, शामली हरिकेश बहादुर के निर्देशन में मंडलीय कार्यालय से संपन्न होगी। इस ऑनलाइन प्रशिक्षण में उत्तर प्रदेश पंचायती राज अधिनियम 1947 की धारा-15 के अनुसार ग्राम पंचायत के कार्य। पंचायती राज अधिनियम 1947 की धारा 95(1)(छ) के प्राविधानुसार प्रधान का पद से हटाया जाना। ग्राम प्रधान को स्वयं के आयकर रिटर्न दाखिल करने के साथ ही महिला ग्राम प्रधान को उनके अधिकारों एवं कर्तव्यों के संबंध में विशेष रूप से जानकारी दिये जाने के लिए उच्च न्यायालय द्वारा अपेक्षा की गई, ताकि प्रधानपति की अवधारणा को हतोत्साहित किया जा सके। विभाग की ओर से प्रशिक्षण के लिए ग्राम प्रधानों का 84 से 43 की संख्या में बैच बनाए गए हैं, जिसमें ब्लॉक स्तर पर इन ग्राम पंचायतों को जूम ऐप के जरिए गांवों में संचालित सभी विकास योजनाओं व उनके संचालन की विस्तार से जानकारी दिए जाने की योजना है। जनपद में शुरू इस पहल के बीच सोमवार 6 जनवरी को ब्लॉक बुढ़ाना व चरथावल ब्लॉक के ग्राम प्रधानों को प्रातः 11 बजे से जूम ऐप के माध्यम से बैच बनाकर जानकारी दी जाएगी। जहां जानसठ और मोरना ब्लॉक के ग्राम प्रधानों को उसी दिन दोपहर 2 बजे से जूम ऐप पर प्रशिक्षण दिए जाने की तैयारी है, वहीं 07 जनवरी को इसी तरह प्रातः 11 बजे से सदर मुजफ्फरनगर, पुरकाजी व बघरा ब्लॉक के प्रशिक्षण देने की तैयारी है। वहीं खतौली व शाहपुर ब्लॉक के ग्राम प्रधानों का प्रशिक्षण दो बजे दोपहर से किए जाने की योजना पंचायत राज अधिकारी धर्मेन्द्र कुमार ने तैयार की है, ताकि राजनीति के प्रथम सोपान अपने अधिकार और कर्तव्यों को जानने के साथ गांव के गलियारों में नई सोच के साथ विकास की गंगा को बहाने के साथ पात्रों को आने वाले दिनों में सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा सके।

सड़क दुर्घटनाओं को रोकने हेतु टीम कोशिश ने वाहन चालकों को जागरुक करते हुए लगाए रिफ्लेक्टर

चरथावल, 05 जनवरी (बु.)। क्षेत्र में कोहरे के दौरान बढ़ती दुर्घटनाओं को रोकने के लिए टीम कोशिश के द्वारा चरथावल नगर में वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगाए गए एवं वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। चरथावल कस्बे में टीम कोशिश के द्वारा कोहरे के दौरान दुर्घटनाओं से बचाव के लिए जागरुक करते हुए एक अभियान चलाया गया, जिसमें आने जाने वाले वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगाकर लोगों को सावधानी बरतने के लिए जागरूक किया। टीम कोशिश के द्वारा चलाए गए अभियान का चरथावल थाना प्रभारी जसवीर सिंह के द्वारा फीता काटकर शुभारंभ किया। इस अवसर पर चरथावल थाना प्रभारी जसवीर सिंह ने कहा कि यह टीम कोशिश की अच्छी पहल है, क्योंकि लगातार कोहरे के कारण दुर्घटनाएं हो रही हैं और जो टीम के द्वारा वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगाए गए हैं, इससे दुर्घटनाओं से बचा जा सकता है, वहीं टीम कोशिश के पदाधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि वह लगातार दुर्घटनाओं से बचाव के लिए लोगों को जानकारी दे रहे हैं और वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगा रहे हैं, जिससे दुर्घटनाओं से बचा जा सके। उन्होंने कहा कि इस प्रोग्राम का उद्देश्य मुख्य रूप से लोगों को जागरूक करना है, ताकि जो लोग रात में या कोहरे में कोई भी यात्रा करें ये उन लोगों को अपने वाहनों के रिफ्लेक्टर आदि का प्रयोग जरूर करना चाहिये। प्रोग्राम में मुख्य रूप से टीम कोशिश के समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

महाकुंभ में मुख्य स्नान पर्व पर मेले में चार प्वाइंटों से होगी एंट्री

प्रयागराज, 05 जनवरी (एजेंसी)। महाकुंभ के दौरान मुख्य स्नान पर्व पर श्रद्धालुओं को चार स्थानों से मेला क्षेत्र में प्रवेश दिया जाएगा। वह काली सड़क होकर संगम जा सकेंगे, जबकि वापसी त्रिवेणी मार्ग से कर सकेंगे। 13 जनवरी को पौष पूर्णिमा व 14 को मकर संक्रांति पर यही व्यवस्था लागू होगी। एसएसपी कुंभ राजेश कुमार द्विवेदी ने बताया कि मुख्य स्नान पर्व पर भीड़ अधिक होगी। इसी को देखते हुए मुख्य स्नान पर्व व सामान्य दिनों में मेला क्षेत्र के भीतर की यातायात व्यवस्था को सुगम बनाए रखने के लिए अलग-अलग प्लान बनाए गए हैं। मुख्य स्नान पर्व पर मेला क्षेत्र में चार प्वाइंटों से एंट्री की जा सकेगी। इनमें जीटी जवाहर, हर्षवर्धन तिराहा, बांगड़ चौराहा व काली मार्ग-दो शामिल हैं। मेले के अंदर आने के बाद श्रद्धालु काली सड़क होकर काली रैंप से अपर संगम मार्ग होकर संगम जा सकेंगे। वापसी त्रिवेणी मार्ग से होगी। श्रद्धालुओं को वापसी के दौरान भी किसी तरह की समस्या न हो और वह अपने गंतव्य तक आसानी से पहुंच जाएं।

उद्योग व्यापार संगठन के नव वर्ष कार्यक्रम में दिखा उत्साह

मुजफ्फरनगर, 05 जनवरी (बु.)। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन की ओर से बीती रात्रि नव वर्ष की पावन बेला पर नव वर्ष मिलन कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में चेयरपर्सन नगरपालिका मीनाक्षी स्वरूप, पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा विजय शुक्ला, ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष कृष्ण गोपाल मित्तल, उद्यमी सतपाल सिंह मान, मनोज जैन, अभिमन्यु मित्तल सर्राफ, डॉ. शौकी, अध्यक्ष संयुक्त व्यापार संघ संजय मिश्रा, संयोजक शलभ गुप्ता, रमन शर्मा, राजकुमार कालरा, सुखबीर सिंह, विक्की चावला आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश उपाध्यक्ष कृष्ण गोपाल मित्तल एवं संचालन प्रदेश के युवा उपाध्यक्ष तरुण मित्तल ने किया। कार्यक्रम में कार्यकारी जिला अध्यक्ष राकेश त्यागी, सर्राफा के अध्यक्ष पवन वर्मा, विशाल जैन, तरुण मित्तल, सुनील वर्मा, हरि ओम शर्मा, विजय प्रताप सिंह, संदीप पुंडीर, भूपेंद्र गोयल, विजय कुच्छल, मयंक गोयल आदि ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम को चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप, पूर्व जिलाध्यक्ष विजय शुक्ला, प्रदेश उपाध्यक्ष कृष्ण गोपाल मित्तल, ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह एवं अन्य अतिथियों ने संबोधित करते हुए उपस्थित व्यापारियों को नववर्ष की शुभकामनाएं प्रेषित की। कार्यक्रम में कुलदीप मित्तल, शिवकुमार सिंघल, राजेंद्र अरोरा, अतुल गोयल, पराग अग्रवाल, गौरव जैन, कार्तिकेय मित्तल, आकाश मित्तल, प्रिंस गुप्ता, विभोर मल्होत्रा, जनार्दन स्वरूप, बृज कुंवर गर्ग, पवन अग्रवाल, अभिलक्ष मित्तल, नदीम अंसारी, इम्तियाज खां, मौ. सलीम, राकिब खां, संदीप मित्तल, उदित किंगर, प्रदीप मित्तल, चंदन गुप्ता, हर्ष जैन, शोभित जैन, दीपांशु कुच्छल, इशू मित्तल, अंकित गर्ग, सुधीर कुमार, रेशु, विशाल शर्मा सहित सैकड़ों पदाधिकारी और व्यापारी उपस्थित रहे।

श्री गंगा सेवा समिति ने ब्रह्मचारियों, नाविकों, पुजारियों व साधु संतों को बांटे कम्बल

भोपा, 05 जनवरी (बु.)। तेज ठण्ड के प्रकोप के बीच श्रीगंगा सेवा समिति शुकतीर्थ ने गंगा घाट पर ब्रह्मचारियों, नाविकों, पुजारियों व साधु संतों को सर्दी से बचने के लिए गुड़, कम्बल व सरसों का तेल वितरण कर दक्षिणा दी। इसके बाद विशाल भण्डारे का आयोजन शुकतीर्थ मुख्य गंगा घाट पर श्रीगंगा सेवा समिति के अध्यक्ष सतीशचंद गोयल द्वारा तेज ठंड के प्रकोप के चलते गुरूकुल व शिव धाम के विद्यार्थियों, ब्रह्मचारियों, नाविकों, पुजारियों व साधु-संतों को सर्दी से बचने के लिए गुड़, कम्बल व सरसों का तेल वितरण किया। इसके बाद अन्नक्षेत्र में विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया, जिसमें सैकडों श्रद्धालु, साधु-संतों व विद्यार्थियों ने प्रसाद ग्रहण किया। भण्डारे के उपरांत सभी को दक्षिणा दी गई। इस अवसर पर महामंत्री डॉ. महकार सिंह, प्रबन्धक देवेन्द्र आर्य, हरीश, जयवीर चौधरी आदि मौजूद रहे।

नाबालिग के साथ रेप करने वाले आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

चरथावल, 05 जनवरी (बु.)। थानाक्षेत्र के ग्राम कुटेसरा बस स्टैंड के पास से पुलिस ने नाबालिग किशोरी के साथ रेप करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी का चालान करते हुए जेल भेज दिया है। चरथावल थाना प्रभारी जसवीर सिंह को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि नाबालिग किशोरी के साथ रेप करने वाला आरोपी कहीं जाने की फिराक में है। सूचना पर चरथावल प्रभारी निरीक्षक जसवीर सिंह के नेतृत्व में कुटेसरा चौकी प्रभारी अमित कुमार ने हेड कांस्टेबल अजीत कुमार, सोनू सिरोही आदि ने रेप में वांछित चल रहे आरोपी फैसल पुत्र शमशेर निवासी मौहल्ला लक्कड़पट्टी ग्राम कुटेसरा को पकड़ लिया। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी को जेल भेज दिया है।

वृद्ध महिला की मौत, पुलिस ने ग्रामीणों संग मिलकर कराया अंतिम संस्कार

भोपा, 05 जनवरी (बु.)। शुकतीर्थ वर्षों से रह रही अज्ञात वृद्ध महिला की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने वृद्धा के बारे में जानकारी कर ग्रामीणों संग मिलकर अंतिम संस्कार कर दिया। भोपा थाना प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार ने बताया कि रविवार की सुबह डॉयल 112 पुलिस को शुकतीर्थ में अज्ञात वृद्धा की मौत की सूचना मिली। सूचना पर पहुंची पुलिस को पास पड़ोस के लोगों ने बताया कि वृद्धा 80 वर्षीया मीना, जोकि सत साहिब आश्रम शुकतीर्थ में एक दुकाननुमा कमरे में अकेली रहती थी। बीमार होने के कारण शनिवार को मीना को दवा दिलवाने के लिए सत साहिब आश्रम के महात्मा दलवीर मोरना प्राइवेट स्थित निजी अस्पताल में ले गये थे, जहां चिकित्सकों ने वृद्धा की हालत गंभीर बताई थी तथा रविवार की सुबह वृद्धा की मौत हो गई। ग्रामीणों के अनुसार वृद्धा शुकतीर्थ में अकेली रहती थी तथा उनके परिवार के बारे में किसी को कोई जानकारी नहीं थी। मृतका के परिवार के बारे में जानकारी की गई, तो उनकी बहन के दुबई में रहने की जानकारी हुई। उनसे द्वारा फोन पर वार्ता की गई, तो उनके द्वारा शुकतीर्थ आने में असमर्थता जताई गई। इसके बाद अजय कृष्ण शास्त्री व ग्राम प्रधान राजपाल सैनी, शुभम, राहुल, राजपाल, अजय शर्मा, चौकी प्रभारी शुकतीर्थ रणवीर सिंह सहित ग्रामीणों व पुलिसकर्मियों की मदद से पंचनामा की कार्रवाई के बाद शुकतीर्थ स्थित शमशान घाट पर वृद्धा का अंतिम संस्कार किया गया। मुखाग्नि शनि द्वारा दी गई।

मेरठ में पंजाबी समाज के कार्यक्रम में अशोक बाटला हुए सम्मानित

मुजफ्फरनगर, 05 जनवरी (बुस.)। मेरठ में पंजाबी समाज द्वारा लोहड़ी का सुंदर कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें सहारनपुर से विधायक राजीव कुमार, मुजफ्फरनगर से क्षेत्रीय संयोजक प्रबुद्ध प्रकोष्ठ अशोक बाटला एवं मेरठ से मेयर अहलू वालिया मुख्य अतिथि के नाते उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मेरठ के गणमान्य लोगों को सम्मानित किया गया, जिसमें डॉक्टर, वकील, इंजीनियर आदि लोग शामिल थे। बड़े उत्साह से लोहड़ी का कार्यक्रम हुआ। आपस में बधाइयां दी गई व रेवड़ी-गजक मूंगफलियों का वितरण हुआ।

कुम्भ के नाम पर यूपी में चल रहा पैसा लूटने का खेल: ओम प्रकाश

लखनऊ, 05 जनवरी (एजेंसी)। प्रयागराज में महाकुंभ पर तंज कसते हुए सपा विधायक ओम प्रकाश सिंह ने कहा कि इतनी ठंड पड़ रही है, यहां नहा कर आदमी मरेगा। उन्होंने कहा कि

रविवार को सूर्यदेव के दिखाई देने से लोगों को मिली बड़ी राहत

▶ सूर्यदेव दिखे तो इंसान ही नहीं पशु पक्षी भी खिलखिलाते नजर आए ▶ दिन में निकली धूप गृहणियों के लिए बनी मददगार ▶ सर्दी से राहत दिलाने को नगर में जल रहे 30 स्थानों पर अलाव

मुजफ्फरनगर, 05 जनवरी (बु.)। शीतलहर के प्रकोप के साथ रविवार को उस समय लोगों के चेहरे खिल उठे जब दिल की शुरूआत में ही धूप निकलने के आसार दिखाई दिये और दिनभर अच्छी धूप निकलने से लोगों ने रविवार की छुट्टी का आनन्द उठाया वहीं दूसरी ओर महिलाओं ने धूप को देखते ही अपने नियमित कपड़े धुलाई का कार्य फटाफट निपटा लिया। इंसानों के साथ साथ पशु पक्षियों को भी धूप खूब भाई और उन्होंने छतों पर बैठक पूरा दिन धूप का आनन्द उठाया। कबूतर हों या बंदर सभी छतों पर बैठे दिखाई दिये। दिल्ली-एनसीआर के साथ जनपद में जारी शीतलहर का प्रकोप अभी कम होने का नाम नहीं ले रहा है। बीते कई दिनों से जारी सर्दी के साथ बढ़ते कोहरे ने जहां एक ओर वाहनों की तेज रफ्तार को ब्रेक लगा दिए हैं, वहीं रात्रि में दृश्यता के कम होने के कारण वाहनों को रेंगने के लिए विवश कर दिया। बीते दिनों हुई पहाड़ों पर बर्फबारी और मैदानी क्षेत्रों में बारिश ने दिल्ली-एनसीआर समेत वेस्ट यूपी में कोल्ड-डे को गति दी है। इन्हीं हालातों के बीच जिले में घने कोहरे के प्रकोप के साथ ही तापमान में भारी गिरावट देखने को मिली है। मौसम विभाग की ओर से जारी आंकड़ों में जहां अधिकतम तापमान 20 डिग्री व न्यूनतम तापमान में 0.4 डिग्री की गिरावट के साथ पारा 8.2 दर्ज किया गया है। हालांकि बीती रात में गलन प्रतिशत भी 0.5 प्रतिशत बढ़ने से राहत की सांस ली है। इस बीच 12 से 17 किमी प्रति घंटा की गति से चली हवाओं ने लोगों को धूप में दीवार की ओट में छिपने को विवश किए रखा। उधर, दिन और रात के तापमान में लगातार गिरावट के साथ गलन बढ़ने की संभावना के बीच जिले के चिकित्सकों ने बच्चे व बुर्जुगों को अत्यधिक सावधानी बरतने की सलाह दी है। पहाड़ों में हुई बर्फबारी व तेजी से गिरते तापमान के बीच दिल्ली-एनसीआर के साथ जनपद में हवा का दबाव बढ़ता दिखाई दे रहा है। हालांकि रविवार को दिन में सूर्यदेव के दर्शनों से दिन का पारा 0.4 डिग्री सेल्सियस बढ़ जाने से लोगों ने राहत की सांस ली। ऐसे में बाजारों से घरों तक हर ओर दुकानदार और आमजन धूप का आनन्द लेते दिखाई दिए। मौसम विभाग की ओर से जारी आंकड़ों में हालांकि अभी राहत के आसार नहीं जताए हैं। मौसम विभाग की ओर से जारी आंकड़ों में आने वाले दिनों में शीतलहर का प्रकोप देखने को मिलेगा, इससे भी इंकार नहीं किया जा सकता है। सरकार की सख्ती के चलते नगरीय क्षेत्र में 30 से अधिक स्थानों पर लोगों के लिए अलाव की व्यवस्था की गई हैं। वेस्ट यूपी में जारी कोहरे के कारण रेलवे ट्रैक के बाधित रहने से अधिकांश ट्रेनें लेट चल रही हैं, वहीं रोडवेज बसों के संचालन के साथ ही प्राइवेट बस संचालन भी प्रभावित हो रहा है। हाईवे से संपर्क मार्गों तक जारी कोहरें के कारण मालवाहक वाहनों की गति भी प्रभावित है, जिसके अगले कई दिनों जारी रहने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता। रविवार को दिन में सूर्यदेव के आकाश में चमकने से गृहणियों को काफी सहायता देने का काम किया। इस बीच महिलाओं ने अपने कपड़ों के साथ जरुरी सामान को धूप में रखने के साथ कुछ देर स्वयं भी राहत महसूस की। उधर, भारतीय मौसम विभाग ने एक बार फिर से पश्चिमी विक्षोभ के एक्टिव होने का अलर्ट जारी किया है, जिसके कारण पश्चिमी विक्षोभ के असर से कई राज्यों में बारिश से ठंडक बढ़ने की एक संभावना बनी हुई है। जनपद में सोमवार को भी आसमान में कई इलाकों में बादल छाए रहने की संभावना व्यक्त की है।

सिरफिरे आशिक ने युवती को बीच सड़क पर गिराकर किया हत्या का प्रयास

अमरोहा, 05 जनवरी (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश के अमरोहा से एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है, यहां एक सिरफिरे आशिक ने लड़की को बीच सड़क पर गिराकर उसका गला घोंटकर हत्या करने की कोशिश की। आसपास मौजूद लोगों ने बहुत मुश्किल से लड़की को सिरफिरे आशिक के चंगुल से बचाया, तब जाकर लड़की की जान बच सकी। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। घटना अमरोहा के सलेमपुर गोसाई की है जहां राहुल नाम का आशिक अपने प्रेम प्रस्ताव को अस्वीकार किए जाने से इतना आहत हो गया कि उसको जान से मारने पर तुल गया। जिस लड़की से वो कुछ पल पहले प्यार का दावा कर रहा था उसके इनकार करने पर उसने उसे जान से मारने की कोशिश की। राहुल ने जब लड़की को प्रेम प्रस्ताव दिया जिस पर लड़की ने उसे मना कर दिया। इसके बाद गुस्से में राहुल ने लड़की को सड़क पर गिरा दिया और दुपट्टे से अपने पैरों से उसका गला दबाने लगा। युवती का गला घोंटता देख वहां मौजूद कुछ लोगों से राहुल के चंगुल से उसे छुड़ाने की कोशिश की तो कुछ लोगों ने उसका वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। राहगीरों को मदद से लड़की की किसी तरह जान बच पाई वर्ना कुछ भी अनहोनी हो सकती थी। घटना का वीडियो वायरल होने से हड़कंप मचा हुआ है।

इलेक्ट्रिक स्कूटी में चॉर्जिंग के दौरान विस्फोट, आग लगने से बच्ची की मौत

रतलाम, 05 जनवरी (एजेंसी)। मध्य प्रदेश के रतलाम में रविवार अलसुबह एक दर्दनाक हादसा हुआ। लक्ष्मणपुर पीएनटी कॉलोनी में चार्जिंग पर लगी इलेक्ट्रिक स्कूटी में विस्फोट के साथ आग लग गई, जिससे घर में खड़ी एक्टिवा भी चपेट में आ गई। हादसे में एक 11 वर्षीय मासूम बच्ची की मौत हो गई। जबकि दो लोग घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बच्ची के शव को पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज भेजा गया है।जानकारी के अनुसार, ये घटना लक्ष्मणपुर पीएनटी कॉलोनी में रहने वाले भगवती मौर्य के घर की है, जहां तुनवाल कंपनी की ई-स्कूटी को चार्जिंग पर लगाकर परिवार के लोग सो गए थे। रात के समय चार्जिंग पूरी होने के बाद स्कूटी से चिंगारियां निकलने लगीं, जो पास में खड़ी एक्टिवा तक पहुंच गईं। अचानक जोरदार विस्फोट हुआ, जिससे आग फैल गई। घर में आग लगने के बाद आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। पार्षद कविता महावर ने तत्काल फायर ब्रिगेड को सूचना दी। हालांकि, फायर ब्रिगेड के पहुंचने से पहले ही स्कूटी और एक्टिवा पूरी तरह जलकर राख हो गए। आग से घर का अधिकतर सामान भी जलकर खाक हो गया।

पोरबंदर एयरपोर्ट पर तटरक्षक बल का हेलीकॉप्टर क्रैश, क्रू के तीन सदस्यों की मौत

पोरबंदर, 05 जनवरी (एजेंसी)। गुजरात के पोरबंदर एयरपोर्ट पर बड़ा हादसा हुआ है। दरअसल वहां तटरक्षक बल का एक हेलीकॉप्टर क्रैश हो गया। इस हादसे में तीन लोगों की मौत हुई है। भारतीय तटरक्षक बल का हेलीकॉप्टर एएलएच (एडवांस्ड लाइट हेलीकॉप्टर) ध्रुव रुटीन उड़ान पर था, जिस दौरान वह हादसे का शिकार हो गया। हादसे में क्रू के सदस्यों समेत तीन लोगों की मौत हो गई। क्रू के सदस्यों को जली हुई हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया था, लेकिन इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, तटरक्षक बल का हेलीकॉप्टर पोरबंदर हेलीकॉप्टर पर रविवार दोपहर करीब 12 बजे हादसे का शिकार हुआ। हेलीकॉप्टर नियमित उड़ान पर था और हादसा हेलीकॉप्टर की लैंडिंग के वक्त हुआ। लैंडिंग के दौरान हेलीकॉप्टर में आग लग गई। हेलीकॉप्टर में दो पायलट समेत कुल तीन लोग थे। इस दुर्घटना में तीनों की मौत हो गई। गुजरात के पोरबंदर के एसपी भगीरथ सिंह जडेजा ने बताया कि पुलिस और तटरक्षक बल हादसे की वजह की जांच कर रहे हैं। गौरतलब है कि बीते सितंबर में ही भारतीय तटरक्षक बल का ध्रुव हेलीकॉप्टर ही अरब सागर में हादसे का शिकार हुआ था। उस हादसे में क्रू के तीन सदस्य लापता हो गए थे। क्रू के एक सदस्य को बचा लिया गया था। इससे पहले मार्च में भी नौसेना के ध्रुव हेलीकॉप्टर की अरब सागर में आपात लैंडिंग करनी पड़ी थी। ध्रुव हेलीकॉप्टर को हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड ने बनाया था। कई साल की परीक्षण उड़ानों के बाद साल 2002 में इसे भारतीय वायुसेना में शामिल किया गया था। इस हेलीकॉप्टर में दो पायलट समेत 12 लोग बैठ सकते हैं। इस सैन्य और नागरिक दोनों उद्देश्यों के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है। ध्रुव हेलीकॉप्टर को एंटी टैंक गाइडेड मिसाइल्स से भी लैस किया जा सकता है। साथ ही इससे हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइलें भी दागी जा सकती हैं। ध्रुव हेलीकॉप्टर को इसकी कैटेगरी का बेहतरीन हेलीकॉप्टर माना जाता है।

क्रिकेट खिलाड़ी की मैदान पर ही मौत, पवेलियन में ही थम गई सांसे

जयपुर, 05 जनवरी (एजेंसी)। जयपुर में पिछले दिनों खेल मैदान पर ही एक क्रिकेटर की मौत के बाद अब दूसरा मामला जोधपुर शहर से सामने आया है। जोधपुर के गोशाला क्रीड़ा संगम मैदान में अरोड़ा खत्री सुपर लीग के दौरान क्रिकेट खेल रहे 40 वर्षीय नीरज अरोड़ा की हार्ट अटैक से मौत हो गई। नीरज ने अपनी टीम एमएमसी क्लब की ओर से खेलते हुए 37 रनों की शानदार पारी खेली। आउट होने के बाद पवेलियन लौटते समय अचानक उनके सीने में दर्द उठा। दरअसल पारी खेलने के बाद नीरज जब पवेलियन पहुंचे, तो उन्होंने कुर्सी पर बैठकर पानी मांगा। पानी पीने के बाद उन्होंने पास बैठे दोस्त सुशील से कहा यार सीने में दर्द हो रहा है आज तो, इस पर दोस्त ने नीरज को तुरंत कार में बिठाया, लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले मैदान पर ही सांसे थम चुकी थी।

चैकिंग के दौरान पकड़ा गया हिस्ट्रीशीटर

मुजफ्फरनगर, 5 जनवरी (बु.)। शहर कोतवाली पुलिस का कहना है कि महमूदनगर निवासी साहिल पुलिस चैकिंग के दौरान गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार किये गए हिस्ट्रीशीट के पास से पुलिस को तमंचा भी मिला है। पूछताछ के बाद पुलिस ने आरोपी का चालान कर दिया। इसके अलावा शहर कोतवाली पुलिस ने ही वारंटी निमित अग्रवाल निवासी उत्तरी रामपुरी व अमित अरोडा निवासी गऊशाला को भी गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया है।

पर्थ टेस्ट के बाद भारत को क्या हुआ, क्यों गंवाई सीरीज

नई दिल्ली, 05 जनवरी (एजेंसी)। भारत को बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी 2024/25 सीरीज में 3-1 से हार मिली है। ऑस्ट्रेलिया ने सिडनी टेस्ट छह विकेट से अपने नाम किया। इस हार के साथ ही भारतीय टीम विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल की दौड़ से भी बाहर हो गई। इस हार के बाद भारतीय खिलाड़ियों के मिजाज पर भी सवाल उठ रहे हैं। इस सीरीज में कुछ एक भारतीय खिलाड़ियों को छोड़ दिया जाए तो लगभग पूरी टीम कुछ खास नहीं कर सकी। भारतीय टीम ने पर्थ में पहला टेस्ट जीतने के बाद सीरीज गंवाई है। भारतीय टीम से ऐसी क्या गलती हुई कि टीम को सीरीज से हाथ धोना पड़ा है? पर्थ में रोहित शर्मा उपलब्ध नहीं थे और शुभमन गिल चोटिल थे। ऐसे में जसप्रीत बुमराह ने कप्तानी की थी। उस मैच में ध्रुव जुरेल और देवदत्त पडिक्कल खेले थे। साथ ही हर्षित राणा, वॉशिंगटन सुंदर और नीतीश रेड्डी को मौका मिला था।

जुरेल, पडिक्कल और हर्षित कुछ खास नहीं कर सके थे। फिर एडिलेड में दूसरे टेस्ट से पहले रोहित की वापसी हुई और प्लेइंग-11 में भारी फेर बदल हुआ। रोहित, अश्विन और गिल की वापसी हुई और जुरेल-पडिक्कल और सुंदर को बाहर कर दिया गया। हर्षित बरकरार रहे, जबकि पहले टेस्ट में उनका प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा था। एडिलेड में हर्षित और महंगे साबित हुए। फिर तीसरे टेस्ट में हर्षित और अश्विन को भी बाहर कर दिया गया और जडेजा, सुंदर और आकाश दीप आए। पांचवें टेस्ट में आकाश और रोहित भी बाहर हुए और प्रसिद्ध कृष्णा आए। इससे टीम का मिजाज बदलता रहा और खिलाड़ियों को पर्याप्त अनुभव नहीं मिला। इतना ही नहीं राहुल और यशस्वी ने शुरूआती तीन टेस्ट में ओपनिंग की और फिर चौथे में रोहित ओपनिंग आए। ऐसे में कोई खिलाड़ी सेटल नहीं हो पाया हित और कोहली के खराब फॉर्म भी टीम इंडिया की हार की मुख्य वजह रही। रोहित तीन टेस्ट की पांच पारियों में 31 रन बना सके। पांचों बार उन्हें कमिंस ने आउट किया। इस पूरे दौरे पर विराट नौ पारियों में 23.75 की औसत से 190 रन बना सके। पर्थ और मेलबर्न में दो पारियों में 136 रन को छोड़ दिया जाए तो बाकी सात पारियों में उन्होंने महज 54 रन बनाए हैं। कोहली नौ पारियों में आठ बार ऑफ स्टंप के बाहर जाती गेंद पर छेड़छाड़ करने के प्रयास में विकेट के पीछे कैच आउट हुए। ये दोनों खिलाड़ी टीम में सबसे ज्यादा अनुभवी थे और इनका बल्ला नहीं चलना भारत के लिए घातक साबित हुआ। रोहित और विराट पहले भी बीजीटी सीरीज का हिस्सा रहे हैं और उन्हें वहां की पिच का अनुभव था, लेकिन वे फ्लॉप साबित हुए। इस पूरी सीरीज में भारत के लिए जो चीज सबसे यादगार रही, वह है जसप्रीत बुमराह की घातक गेंदबाजी। ऐसा लग रहा था मानो ऑस्ट्रेलिया और बुमराह के बीच ही लड़ाई है। बाकी भारतीय खिलाड़ी महज दर्शक हैं। बुमराह चले तो ठीक है, वरना टीम इंडिया का ठिकाना नहीं। भारत ने इस सीरीज में छह तेज गेंदबाजों को अजमाया और सिर्फ बुमराह ही 25+ विकेट लेने में कामयाब रहे। बुमराह ने 32 विकेट लिए। इनमें दो बार पारी में चार विकेट और तीन बार पारी में पांच विकेट लिए। मैकग्रा और फ्लेमिंग जैसे महान तेज गेंदबाजों ने तो यहां तक कहा कि ऑस्ट्रेलियाई सरजमीं पर बुमराह जैसा खौफ किसी गेंदबाज से नहीं हुआ।

पांचवें टेस्ट में बुमराह की गैरमौजूदगी से टीम इंडिया को नुकसान हुआ। बुमराह ने कुल 32 विकेट लिए। उन्हें बाकी किसी गेंदबाज का साथ नहीं मिला। सिराज 20 विकेट ले सके। इस सीरीज में बुमराह ने 13 की औसत और 28.3 के स्ट्राइक रेट से गेंदबाजी की, जो कि सर्वश्रेष्ठ रहा। 32 विकेट के साथ वह प्लेयर ऑफ द सीरीज भी बने। इस सीरीज में उन्होंने टेस्ट करियर के 200 विकेट भी पूरे किए। वह 200 टेस्ट विकेट पूरे करने वाले सबसे तेज (44 मैच) भारतीय पेसर भी बने। इतना ही नहीं, बुमराह ऑस्ट्रेलिया में किसी एक सीरीज में भारत की ओर से सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज भी बने।

शेष - मोदी ने दिल्ली एनसीआर में किया....

तीसरा सबसे बड़ा देश बन गया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि दस वर्षों में भारत में 752 किलोमीटर से अधिक नई मेट्रो लाइनों का उद्घाटन किया गया है और उनकी सरकार के मौजूदा कार्यकाल के दौरान भारत में दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा मेट्रो नेटवर्क होगा। उन्होंने कहा कि आज देश भर के 21 शहरों में मेट्रो सेवाएं चालू हैं, जिनमें से 1,000 किलोमीटर से अधिक मेट्रो मार्गों का तेजी से विकास किया जा रहा है। दिल्ली मेट्रो के विस्तार और दो नए मार्गों के उद्घाटन और शिलान्यास का उल्लेख करते हुए श्री मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि गुड़गांव के बाद अब हरियाणा का एक और हिस्सा मेट्रो नेटवर्क से जुड़ रहा है। उन्होंने कहा कि रिठाला-नरेला-कुंडली कॉरिडोर दिल्ली मेट्रो नेटवर्क के सबसे बड़े खंडों में से एक होगा, जो दिल्ली और हरियाणा के प्रमुख औद्योगिक केंद्रों के बीच संपर्क को मजबूत करेगा और लोगों के लिए आवागमन को आसान बनाएगा।

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के निरंतर प्रयासों के कारण दिल्ली में मेट्रो मार्गों में लगातार वृद्धि हो रही है। वर्ष 2014 में दिल्ली-एनसीआर में कुल मेट्रो नेटवर्क 200 किलोमीटर से कम था और आज यह दोगुने से भी अधिक हो गया है। उन्होंने कहा, ''आधुनिक बुनियादी ढांचा गरीब और मध्यम वर्ग सहित सभी के लिए सम्मानजनक और गुणवत्तापूर्ण जीवन सुनिश्चित करने में मदद कर रहा है।'' गरीब से गरीब व्यक्ति तक स्वास्थ्य सेवा सुलभ कराने पर सरकार के फोकस पर जोर देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार आयुष और आयुर्वेद जैसी पारंपरिक भारतीय चिकित्सा प्रणालियों को भी बढ़ावा दे रही है। उन्होंने कहा कि पिछले एक दशक में आयुष प्रणाली का विस्तार 100 से अधिक देशों में हुआ है। श्री मोदी ने इस बात पर प्रकाश डाला कि भारत में पारंपरिक चिकित्सा से संबंधित पहला विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) संस्थान स्थापित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कुछ सप्ताह पहले उन्होंने अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान के दूसरे चरण का उद्घाटन किया था। दिल्ली मेट्रो फेज-4 के जनकपुरी और कृष्णा पार्क के बीच शुरू हुए इस फेज के पहले खंड से पश्चिमी दिल्ली के कृष्णा पार्क, विकासपुरी, जनकपुरी के कुछ हिस्से आदि क्षेत्रों को लाभ मिलेगा। इसी तरह दिल्ली मेट्रो फेज-4 के 26.5 किलोमीटर लंबे रिठाला-कुंडली खंड के बन जाने पर यह दिल्ली के रिठाला को हरियाणा के नाथूपुर (कुंडली) से जोड़ेगा और इसका लाभ रोहिणी, बवाना, नरेला और कुंडली जैसे क्षेत्र के निवासियों को मिलेगा। रिठाला-कुंडली खंड के चालू होने के बाद यह विस्तारित रेड लाइन मेट्रो मार्ग के माध्यम से दिल्ली, हरियाणा और उत्तर प्रदेश में यात्रा को सुविधाजनक बनायेगा।

रेलवे स्टेशन के सामने मस्जिद के बाहर होगा हनुमान चालीसा का पाठ

▶ शत्रु संपत्ति पर कब्जा न होने पर दी आंदोलन की चेतावनी ▶ 14 को रेलवे रोड पर किया हनुमान चालीसा पाठ का ऐलान

मुजफ्फरनगर, 05 जनवरी (बु.)। राष्ट्रीय हिंदू शक्ति संगठन की एक बैठक राष्ट्रीय संयोजक संजय अरोड़ा के कैंप कार्यालय पर सम्पन्न हुई। बैठक में नगर के रेलवे स्टेशन के सामने की संपत्ति खसरा नं. 930 को गृह मंत्रालय शत्रु संपत्ति अभिरक्षक द्वारा शत्रु संपत्ति घोषित करने पर भी जिला प्रशासन द्वारा अपने कब्जे में न लिए जाने पर रोष व्यक्त किया। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि संजय अरोड़ा राष्ट्रीय संयोजक ने कहा कि रेलवे स्टेशन के सामने मस्जिदनुमा ढांचे खसरा नं. 930 को शत्रु संपत्ति घोषित करने की संगठन की बहुत बड़ी जीत है। उन्होंने कहा कि परंतु गृह मंत्रालय अभिरक्षक विभाग द्वारा प्रशासन को स्पष्ट आदेश के बावजूद शत्रु संपत्ति को प्रशासन द्वारा अब तक अपने कब्जे में नहीं लिया गया। उन्होंने कहा कि पता नहीं किस दबाव में जिला प्रशासन ढुलमुल रवैया अपनाए हुए है। कई माह बीतने के बाद भी जिला प्रशासन भू-माफियाओं से शत्रु संपत्ति को अपने कब्जे में लेने में असमर्थ हो रहा है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय हिंदू शक्ति संगठन प्रशासन से मांग करता है जिला प्रशासन इन इस्लामिक जिहादी एवं भू-माफियाओं से शत्रु संपत्ति को तुरंत अपने कब्जे में लें, जिसमें हिंदू शक्ति संगठन प्रशासन का पूर्ण रूप से सहयोग करेगा। साथ ही उन्होंने चेतावनी दी कि अगर शीघ्र जिला प्रशासन द्वारा इस संपत्ति को अपने कब्जे में नहीं लिया तो विवश होकर राष्ट्रीय हिंदू शक्ति संगठन प्रशासन को कुंभकरण की नींद से जगाने के लिए आगामी 14 जनवरी मंगलवार को शत्रु संपत्ति के सामने श्रीहनुमान चालीसा का पाठ करेगा। उन्होंने राष्ट्रीय हिंदू शक्ति संगठन के हिंदू वीरों से आह्वान किया कि वे एक बड़े आंदोलन के लिए तैयार रहे और अपने कार्यकर्ताओं के साथ-साथ हिंदू जनता से संपर्क करें। इस दौरान सरिता शर्मा अरोड़ा राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला एवं संगठन मंत्री प्रवीण जैन ने अपने विचार रखे। जिलाध्यक्ष प्रमोद वर्मा ने कहा कि 14 जनवरी को अत्यधिक कार्यकर्ताओं के साथ श्री हनुमान चालीसा का पाठ शत्रु संपत्ति के सामने किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य रूप से राजकुमार गर्ग, सोनू महेश्वरी, संजीव शर्मा, संजय गोस्वामी, प्रमोद वर्मा, संजय ठाकुर, सीमा ठाकुर, संजीव मलिक, श्याम वर्मा, अरुण वर्मा, सुंदर सैनी, सचिन वर्मा, प्रदीप कुमार, अंकित पाल एवं राजू पाल आदि मौजूद रहे।

बिहार में मिला 500 साल पुराना शिव मंदिर, शिवलिंग और दो पदचिन्ह भी हैं मौजूद

पटना, 05 जनवरी (एजेंसी)। वह जमीन किसी मठ के नाम पर यूं ही पड़ी थी। वर्षों से इसपर कूड़ा-कचरा भी जमा था। लेकिन, अब यह जमीन पूजा-पाठ की जगह बन गई है। इस जमीन के अंदर से मंदिरनुमा आकृति मिली है, जिसके अंदर शिवलिंग और दो पदचिह्न हैं। लोगों ने किसी अधिकारी के पहुंचने के पहले यहां खुद ही खुदाई की और साफ-सफाई के बाद पूजा-पाठ शुरू कर दिया। शहर के अलग-अलग हिस्सों में मस्जिद और पुराने घरों के अंदर से मंदिर मिलने का सिलसिला जारी था, लेकिन बिहार की राजधानी पटना में ऐसा पहली बार सामने आया है। पटना के पुराने इलाके पटना सिटी में यह मंदिरनुमा आकृति और शिवलिंग-पदचिह्न मिले हैं। यह कितना पुराना है, इस बारे में अभी कोई आधिकारिक जानकारी नहीं आई है। यह पुरातन है भी या नहीं, इस बारे में कुछ कहा नहीं जा सकता है।

पुलिस ने लाखों रुपये की कीमत की संपत्ति बरामद की

बुढ़ाना, 5 जनवरी (बु.)। पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से 3 चोरों को गिरफ्तार कर उनके पास से कार सहित अन्य सामान भी बरामद किया है। बुढ़ाना कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक आनंद देव मिश्र ने बताया कि लुहसाना ग्राम में स्थित एक सरकारी स्कूल में चोरी की घटना हो गयी थी, जिसमें कुछ सामान चोरी हुआ था। पुलिस टीम इस चोरी के खुलासे के लिए लग गयी थी। उन्हें रविवार को सूचना मिली कि चोरी करने वाला युवक नयी सब्जी मंडी के पास चोरी किया हुआ सामान लेकर खड़ा है। शायद वो चोरी का सामान किसी को बेचने की फिराक में है। तब उन्होंने गढ़ी चौकी प्रभारी संदीप कुमार को पुलिसबल के साथ मौके पर भेजा, तो पुलिस टीम ने उक्त व्यक्ति को चोरी के सामान के साथ पकड़ लिया, जिसने अपना नाम जलालू पुत्र दीन मौहम्मद निवासी असर्फाबाद थाना रमाला जिला बागपत बताया। पुलिस ने उसके पास से चोरी का गैस सिलेंडर, 11 सौ रुपये की नगदी, एक बैट्रा, एक इन्वर्टर व एक डीवीआर बरामद की। दूसरी ओर बुढ़ाना कस्बा ईंचार्ज ललित कसाना ने कांस्टेबल हरीश पाल सिंह व गजेंद्र सिंह की मदद से मुखबिर की सूचना पर सठेडी रोड से दो संदिग्ध युवकों को पकड़ा, जिनके पास से बुढ़ाना से चोरी की गयी ईको कार, ओरा गाड़ी, तमंचा, कारतूस, चाकू व दो फर्जी नंबर प्लेटें बरामद की। पकड़े गये चोरों के नाम वसीम अकरम पुत्र सलीम व आसिफ पुत्र नसीरुद्दीन निवासीगण कुशल पार्क लोनी ट्रोनिका सिटी गाजियाबाद हैं। पुलिस ने तीनों को जेल भेज दिया है।

ट्रांसफॉर्मर गिराकर तार चोरी कर ले गए चोर

छपार, 5 जनवरी (बु.)। विद्युत लाईन के तार काटकर अज्ञात चोर खोजा नंगला गांव के जंगल में स्थित नलकूप पर रखे विद्युत ट्रांसफॉर्मर को गिराकर सामान चोरी कर ले गए। वहीं खुड्ड़ा गांव के जंगल में किसान रामकुमार त्यागी के नलकूप पर पहुंचकर चोरों ने विद्युत ट्रांसफॉर्मर को जमीन पर गिरा दिया, मगर यहां बदमाश ट्रांसफॉर्मर से सामान चोरी कर पाने के प्रयास में विफल हो गए। सुबह ग्रामीणों ने विद्युत ट्रांसफॉर्मर चोरी की घटनाओं पर थाने पहुंच रोष जताया तथा पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग रखी। छपार थाना क्षेत्र के खोजा नगला गांव निवासी किसान फारुख के खेत में विद्युत ट्रांसफॉर्मर लगा था। रात में अज्ञात चोरों ने विद्युत लाईन के तार काटकर ट्रांसफॉर्मर को जमीन पर गिरा दिया। तथा उसका सामान चोरी कर ले गए। रविवार सुबह किसान जब खेत पर पहुंचा तो चोरी की घटना का पता चला। खोजा नगला गांव के दर्जनों ग्रामीण सुबह छपार थाने पहुंचे तथा हंगामा कर विद्युत ट्रांसफॉर्मर के सामान की चोरी पर रोष जताया। आरोप लगाया कि सर्दी के मौसम में लगातार किसानों के नलकूपों पर चोरी की घटनाएं हो रही हैं। पुलिस चोरों को पकड़ने में विफल साबित हो रही है। उधर बताया गया कि खुड्डा गांव के जंगल में रामकुमार त्यागी के ट्यूबवैल पर रखे विद्युत ट्रांसफॉर्मर को भी तार काटकर जमीन पर चोरों ने गिरा दिया। मगर वे ट्रांसफॉर्मर को तोड़कर चोरी करने में सफल नहीं हो पाए। बताते चलें कि छपार थाना क्षेत्र में पिछले तीन माह से लगातार किसानों के नलकूपों पर चोरी की दर्जनों घटनाएं हो चुकी हैं। किसानों ने इसकी पुलिस के अफसरों के साथ ही जनप्रतिनिधियों से भी शिकायतें की गई, लेकिन ट्रांसफॉर्मर चोर गिरोह पुलिस के हाथ नहीं आ सका है। पिछले दिनों एसएसपी अभिषेक सिंह ने भी छपार थाने के निरीक्षण के दौरान पुलिस को किसानों के कृषि उपकरण चोरी की घटनाओं को खोलने को छपार पुलिस को निर्देशित किया था, लेकिन पुलिस घटनाओं को खोलने में जहां विफल रही है, वहीं लगातार जंगल में कृषि यन्त्रों एंव ट्रांसफॉर्मर आदि की चोरी की घटनाओं को भी रोक नहीं पा रही है। पुलिस रवैये से किसान त्रस्त व नाराज हुए हैं।

शिकायत पर आधी रात रैन बसेरे पहुंची ईओ, परखी व्यवस्था

एक बैड पर कंबल नहीं मिलने पर केयरटेकर को लगाई फटकार

मुजफ्फरनगर, 05 जनवरी (बु.)। हाड़ कंपा देने वाली सर्दी के बीच डीएम की सख्ती के बाद रात्रि में बेसहारा और जरूरतमंद लोगों को विश्राम के लिए आश्रय उपलब्ध कराने के शासन-प्रशासन के दिशा निर्देशों पर अफसर रात्रि में भ्रमण को सड़कों पर दिखाई दे रहे हैं। डीएम उमेश मिश्रा की संवेदनशीलता ने अधीनस्थों को सतर्क कर रखा है। इसी कड़ी में बीती रात्रि पालिका ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह को फोन पर अव्यवस्था की शिकायत मिली तो वो खुद ही उसकी सत्यता परखने के लिए निकल पड़ी। उन्होंने रात रैन बसेरों के साथ शहर में अलाव जलाने की व्यवस्थाओं को परखा।

पालिका प्रशासन द्वारा शहर में सर्दी से बचाव की खातिर एक स्थाई और दो अस्थाई रैन बसेरों का संचालन कराने के साथ 30 स्थानों पर अलाव जलवाये हैं, ताकि सर्द रातों में भीषण ठंड से बेसहारा लोगों को राहत प्राप्त हो सके। इस व्यवस्था के लिए डीएम व पालिका चेयरपर्सन के साथ ही सभी प्रशासनिक और पालिका के अधिकारी लगातार रात्रि भ्रमण पर हैं। नगरपालिका ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह को रात्रि में शिकायत मिली कि रैन बसेरों में अव्यवस्था बनी है। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए भीषण सर्दी व कोहरे के बीच ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह तत्काल रेलवे स्टेशन पर स्थित स्थाई रैन बसेरे पर पहुंची और वहां पर निरीक्षण करते हुए व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस बीच उन्होंने वहां पर ठहरे लोगों से भी जानकारी ली। ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह ने बताया कि रैन बसेरे में एक बैड पर बिस्तर नियमानुसार सही नहीं पाया गया। यहां कम्बल उपलब्ध न होने पर ईओ ने केयरटेकर को फटकार लगाते हुए तमाम व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। उन्होंने रैन बसेरे के समक्ष लकड़ी पड़े होने के बाद भी अलाव न जलाने पर नाराजगी जताई। उनको

बताया कि यहां कुछ लोगों ने मुख्य द्वार के सामने जलने वाला अलाव साइड में जला रखा है। ईओ ने बताया कि निरीक्षण में पाया कि वहां रहने वाली महिला ने अपने बच्चों की खातिर अलाव साइड में जलाया था ताकि सर्दी से उन बच्चों को भी बचाया जा सके। इसके बावजूद उन्होंने अलाव मुख्य द्वार के पास जलवाया और इसे नियमित रखने के निर्देश दिये।

पाकिस्तान में जवानों की बस पर बम से हमला, चार की मौत, एसएसपी सहित 38 लोग घायल

कराची, 05 जनवरी (एजेंसी)। पाकिस्तान में हाल में आतंकवादी गतिविधियों में इजाफा हुआ है। खासकर खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान के क्षेत्रों में आतंकी गतिविधियां बढ़ी हैं। शनिवार को तुर्बत में फ्रंटियर कॉर्प्स (एफसी) की बस पर पर हमला हुआ। इसमें बस कंडक्टर समेत चार लोगों की मौत हो गई और 38 अन्य घायल हो गए। घायलों में एक एसएसपी भी शामिल है।

पाकिस्तान के बलूचिस्तान के तुर्बत में फ्रंटियर कॉर्प्स (एफसी) की बस पर हुए बम हमले में बस कंडक्टर समेत चार लोगों की मौत हो गई और 38 अन्य घायल हो गए। घायलों में एसए